संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.: CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक-013/रायगढ़/2020-2022

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर , वर्ष 19,अंक -120 बुधवार ,01 मार्च 2023, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये



## पीएम मोदी के छोटे भाई प्रह्लाद मोदी चेन्नई के अस्पताल में भर्ती



**चेन्नई,28 फरवरी 2023 (ए) ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छोटे भाई प्रह्लाद मोदी को गुर्दे की बीमारी के कारण चेन्नई के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूत्रों ने ये जानकारी दी है। चेन्नई में अयनंबक्कम के अस्पताल के सूत्रों ने अधिक जानकारी दिए बिना बताया कि उनकी हालत स्थिर है।

प्रह्लाद मोदी, जो ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन के उपाध्यक्ष भी हैं, अपने परिवार के साथ आध्यात्मिक दौरे पर हैं और उन्होंने मदुरै मीनाक्षी मंदिर, रामेश्वरम मंदिर और कन्याकुमारी देवी मंदिर का दौरा किया था।

उनके स्वास्थ्य की स्थिति के बारे में और जानकारी की प्रतीक्षा है

# मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन ने मंत्री पद से दिया इस्तीफा

### सीएम केजरीवाल ने किया मंजूर

**नई दिल्ली ,28 फरवरी 2023 (ए) ।** मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन ने अपने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दोनों का इस्तीफा भी मंजूर कर लिया है। बता दें कि मनीष सिसोदिया को सीबीआई ने दिल्ली की नई आबकारी नीति (2021-22) घोटाला मामले में गिरफ्तार किया था, जिसके बाद सोमवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश करने के बाद अदालत ने उन्हें पांच दिन (4 मार्च तक) की सीबीआई रिमांड में भेज दिया था। वहीं, सत्येंद्र जैन को 30 मई को गिरफ्तार किया गया था और फिलहाल वह तिहाड़ जेल में बंद हैं। सूत्रों के अनुसार, दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के विभाग दिल्ली के कैबिनेट मंत्री कैलाश गहलोत और राज कुमार आनंद को दिया जा सकते हैं। फिलहाल कोई नया मंत्री शपथ नहीं लेगा।

### आज सुप्रीम कोर्ट से भी सिसोदिया को लगा झटका

आबकारी नीति मामले में मुश्किलों में फंसे मनीष सिसोदिया ने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सिसोदिया की याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि आपके लिए दिल्ली हाई कोर्ट में जमानत याचिका सहित विभिन्न कानूनी उपाय उपलब्ध हैं।

### सिसोदिया और जैन का इस्तीफा भाजपा की जीत

भाजपा नेता रवि शंकर प्रसाद ने प्रेस वार्ता में कहा कि मनीष सिसोदिया व सत्येंद्र जैन का इस्तीफा भाजपा की बड़ी जीत है। भाजपा के आंदोलन के कारण उन्हें पद छोड़ना पड़ा। सिसोदिया के अंदर थोड़ी भी नैतिकता होती तो वह आरोप लगने वाले दिन ही इस्तीफा दे देते। 18 विभाग संभालने की बात कर जेल जाने से राहत मांग रहे थे। जमानत नहीं मिलने पर इस्तीफा दे दिया। उनके इस्तीफा देने के कारण नौ माह से जेल में बंद जैन को भी पद छोड़ना पड़ा। जैन से पिछले काफी समय से इस्तीफे की मांग की जा रही थी। वह बिना विभाग के मंत्री रहकर जेल में क्या कर रहे थे सभी ने देखा है। केजरीवाल की ईमानदारी का चोला उतर गया है। आप के दामन में बहुत दाग है। जांच बढ़ने पर अभी कई मामले सामने आएंगे।



### मनीष सिसोदिया के पास थे 18 विभाग

इनमें शिक्षा, वित्त, योजना, भूमि और भवन, सेवाएं, पर्यटन, कला-संस्कृति और भाषा, जागरूकता, श्रम और रोजगार, लोक निर्माण विभाग के अलावा स्वास्थ्य, उद्योग, बिजली, गृह, शहरी विकास, सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण व जल विभाग शामिल हैं। सिसोदिया दिल्ली सरकार में सबसे प्रभावशाली मंत्री थे। राज्य सरकार के सभी बड़े मंत्रालय उन्हीं के पास थे। सिसोदिया सीएम केजरीवाल के सबसे भरोसेमंद नेता हैं।

### सत्येंद्र जैन के छह विभाग भी सिसोदिया के पास थे

सत्येंद्र जैन की गिरफ्तारी के बाद उनके छह विभाग भी सिसोदिया ही संभाल रहे थे। सत्येंद्र जैन दिल्ली सरकार में स्वास्थ्य मंत्री थे। गिरफ्तारी के करीब नौ महीने बाद जैन ने अपने मंत्री पद से इस्तीफा दिया है।

### यह है मामला

सीबीआई और ईडी ने आरोप लगाया है कि आबकारी नीति को संशोधित करते समय अनियमितता की गई थी और लाइसेंसधारकों को अनुचित लाभ दिया गया था। इसमें लाइसेंस शुल्क माफ या कम किया गया था। यह भी आरोप है कि आबकारी विभाग ने निर्धारित नियमों के विरुद्ध एक सफल निविदाकर्ता को लगभग 30 करोड़ रुपये की बयाना जमा राशि वापस करने का निर्णय लिया था।

नीति से सरकारी खजाने को 144.36 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। दिल्ली के उपराज्यपाल की सिफारिश पर सीबीआई ने प्राथमिकी दर्ज की थी। भ्रष्टाचार के मामले में सीबीआई ने एक आरोप पत्र दाखिल किया है, जबकि इससे जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में ईडी ने एक आरोप पत्र व एक पूरक आरोप पत्र दाखिल किया है।

# इरफान सोलंकी की 8 करोड़ की संपत्ति सीज

### मुनादी भी कराई गई, भारी संख्या में सुरक्षा बल तैनात किए गए

**कानपुर ,28 फरवरी 2023 (ए) ।** सपा विधायक इरफान सोलंकी के बाद अब उनकी संपत्तियों पर पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। मंगलवार को दोपहर बाद विधायक इरफान सोलंकी और उनके भाई रिजवान सोलंकी के 4 प्लाट को सीज कर दिया गया। ये चारों प्लाट जाजमऊ के स्वर्ण जयंती विहार कालोनी में है। इनकी कीमत करीब 8 करोड़ रुपए है।

ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर आनंद प्रकाश तिवारी ने बताया कि पुलिस,पीएसी और आरआरएफ की मौजूदगी में सीलिंग की कार्रवाई की गई। आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी। किसी प्रकार की कोई गडबडी न हो इसके लिए मौके पर भारी संख्या में सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। पुलिस ने करीब 1 किमी तक पैदल मार्च भी किया। इस दौरान भारी पुलिस बल ने मुनादी भी कराई।



पुलिस अधिकारियों के मुताबिक केडीए की स्वर्ण जयंती विस्तार योजना में 4 प्लॉट इरफान और उनके परिजनों के नाम पर लिए गए थे। सभी प्लॉट सपा सरकार के कार्यकाल में आवंटित हुए थे। इससे पहले इरफान के गैंगस्टर साथी शौकत पहलवान की 2 प्रॉपर्टी सीज की गई थी, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 34 करोड़ रुपए है।

### इन पांचों पर लगा है गैंगस्टर

कानपुर से सीसामऊ विधानसभा से चार बार के विधायक इरफान सोलंकी के साथ ही उनके भाई रिजवान सोलंकी, सपा नेत्री के पिता शौकत अली, हिस्ट्रीशीटर इसराइल आटे वाला और मोहम्मद शरीफ पर गैंगस्टर एक्ट लगा है। विधायक समेत इन पांचों आरोपियों की 200 करोड़ की संपत्ति जब्त होगी।



## मुंबई लोकल ट्रेन की तीन बोगियां पटरी से उतरी,कोई हताहत नहीं

**मुंबई ,28 फरवरी 2023 (ए) ।**मध्य रेलवे की उरण लाइन पर मंगलवार को मुंबई उपनगरीय लोकल ट्रेन की तीन बोगियां पटरी से उतर गईं। इसके बाद ट्रेनों का अस्थायी रूप से परिचालन रोक दिया गया। सीआर अधिकारियों ने कहा कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। मध्य रेलवे के मुख्य प्रवक्ता शिवाजी सुतार के मुताबिक, बेलापुर से खारकोपर जाने वाली ट्रेन सुबह 8.46 बजे पटरी से उतर गई, लेकिन किसी यात्री को कोई चोट नहीं आई।

मरम्मत कार्यों के लिए राहत ट्रेनों को साइट पर भेजा गया है। हालांकि, हार्बर लाइन पर लोकल ट्रेनें सामान्य रूप से चल रही हैं।मध्य रेलवे के अधिकारियों के अनुसार, घटना खारकोपर स्टेशन से कुछ ही मीटर पहले हुई और पटरी से उतरी बोगियों ने कथित तौर पर रेलवे पटरियों के एक हिस्से को उखाड़ दिया, जिसे बदलने की आवश्यकता होगी

# आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में राजा पटेरिया को जमानत

**जबलपुर,28 फरवरी 2023 (ए) ।** हाईकोर्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोपी पूर्व मंत्री व वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजा पटेरिया की जमानत अर्जी मंजूर कर ली। उल्लेखनीय है कि पूर्व में हार्ठकोर्ट ने अपेन आपदेश में साफ किया था कि राष्ट्पति व प्रधानमंत्री जैसे देश के उच्च पदस्थ व्यक्तियों के लिए अशोभनीय भाषा का इस्तेमाल करना किसी भी आमजनों को शोभा नहीं देता। कोर्ट ने कहा कि राजनेताओं को सार्वजनिक भाषण देते समय अपनी भाषा के प्रति सावधान रहना चाहिए। यदि हस अपराध के लिए जमानत दी गई तो समाज में गलत संदेश जाएगा। हालांकि ओवदक को 30 दिन बाद जमानत के लिए दोबारा अर्जी दायर करने स्वतंत्र है। इसी आधार पर नए सिरे से अर्जी दायर की गई थी। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर बेहद आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद पन्ना के पवई थाने में राजा पटेरिया के विरुद्ध केस दर्ज किया था। पुलिस ने 13 दिसम्बर को राजा पटेरिया को पुलिस गिरफ्तार किया था। पवर्ठ कोर्ट और उसके बाद ग्वालियर जिले की विशेष (एसपी-एमएलए) कोर्ट से दो बार जमानत अर्जी निरस्त हुई। इसके बाद पटेरिया ने हाई कोर्ट की ग्वालियर बेंच में जमानत अर्जी दायर की थी। वहां से यह याचिका हाई कोर्ट की युगलपीठ जबलपुर स्थानांतरित कर दी गई थी। इस मामले की सुनवाई के दौरान राजा पटेरिया की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता शशांक शेखर ने पक्ष रखा था। उन्होंने दलील दी थी कि आवेदक के विरुद्ध जो धाराएं लगाई गई हैं, उनमें कोई तथ्य नहीं है। यह मामला राजनीति से प्रेरित है। पटेरिया ने जो वक्तवय दिया था, उसी में मंतव्य भी सपश्ट कर दिया था। उनके बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश किया था। वहीं राज्य शासन की ओर से शासकीय अधिवक्ता प्रमोद ठाकरे ने जमातन अर्जी का विरोध करते हुए दलील दी कि कई गवाहों ने बताया कि पूर्व मंत्री पटेरिया ने जानबूझकर अल्पसंख्यकों को भड़काने के लिए ऐसी भाषा का इस्तेमाल किया था।




# मां के पास सो रहे 1 माह के बच्चे को उठा ले गए कुत्ते

### नोंच नोंचकर मार डाला

**जयपुर ,28 फरवरी 2023 (ए) ।** यहां सिरोही के सरकारी अस्पताल में हृदय विदारक घटना सामने आई है। यहां 1 महीने के बच्चे को कुत्ते उठाकर ले गए और उसका पेट व हाथ नोंचकर खा गए, जिससे उसकी मौत हो गई। बच्चा अपनी मां के पास सो रहा था जब कुत्ते उसे उठा ले गए। पिंडवाड़ा निवासी महेंद्र मीणा का टीबी अस्पताल में इलाज चल रहा है। सोमवार रात को उसके बेड के पास नीचे फर्श पर उसकी पत्नी रेखा 1 बेटी और 2 बेटों को लेकर सो रही थी। वार्ड में घूम रहे आवारा कुत्ते उसके एक महीने के बेटे विकास को उठाकर ले गए और नोंच डाला। मां की जब रात को नींद खुली तो देखा कि बेटा गायब था। काफी तलाश करने पर पानी की टैंकी के नीचे कुत्ते बच्चे को नोंचते दिखे।



# पंजाब से बाहर होगी बरगाड़ी बेअदबी केस की सुनवाई : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली ,28 फरवरी 2023 (ए) ।** बरगाड़ी बेअदबी केस में डेरा प्रेमियों की मांग को सुप्रीम कोर्ट ने मान लिया है। अब बेअदबी केस की सुनवाई पंजाब से बाहर होगी। दरअसल महिंदर पाल बिट्टू एवं प्रदीप कटारिया की मौत का हवाला देते हुए डेरा प्रेमियों द्वारा अपनी जान को खतरा बताते हुए केस की सुनवाई पंजाब से बाहर करने की मांग की गई थी। बेअदबी केस के आरोपी महिंदर पाल बिट्टू और प्रदीप कटारिया की हत्या के बाद आरोपियों ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। इस मामले के अन्य आरोपी शक्ति सिंह व अन्य की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस अनुराधा बोस और जस्टिस सुधांशु धुलिया की बेंच ने यह आदेश दिया है।



याचिका में तर्क दिया गया कि प्रदीप कटारिया की 10 नवंबर 2022 को कोटकपुरा में गोली मारकर हत्या कर दी गई और बाकियों को भी जान से मारने की धमकी दी जा रही है। ऐसे में केस को सुनवाई के लिए पंजाब से बाहर किसी अन्य राज्य में भेजा जाए। इसी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को नोटिस जारी करते हुए रिपोर्ट मांगी थी।

# पुलवामा एनकाउंटर में एक जवान शहीद

**श्रीनगर ,28 फरवरी 2023 (ए) ।** दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले में मंगलवार को एक मुठभेड़ में एक सैनिक शहीद हो गया और एक आतंकवादी मारा गया। अधिकारियों ने ये जानकारी दी है। पुलिस ने कहा कि आतंकवादी का शव अभी तक बरामद नहीं किया जा सका है और फिलहाल पदगामपुरा इलाके में मुठभेड़ जारी है।



पुलिस और सुरक्षा बलों की एक संयुक्त टीम को इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद मुठभेड़ शुरू हुई। सुरक्षाबलों द्वारा इलाके की घेराबंदी करने के बाद आतंकियों ने जवाबी कार्रवाई करते हुए फायरिंग शुरू कर दी। पुलवामा में कल रात से ही एनकाउंटर जारी है।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की जानकारी मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने पुलवामा जिले के राजपुरा के हाजिन गांव में घेराबंदी कर तलाश अभियान शुरू किया था। आतंकवादियों के सुरक्षा बल पर गोलियां चलाने से अभियान मुठभेड़ में तब्दील हो गया। सुरक्षा बल ने भी गोलीबारी का माकूल जवाब दिया।

अधिकारी ने बताया कि शुरुआती गोलीबारी में एक जवान घायल हो गया था, जिसकी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।

# अवंतीपोरा में सुरक्षाबलों ने एक आतंकी मार गिराया




### मारे गए आतंकवादी की कश्मीरी पंडित की हत्या में शामिल होने की आशंका

**श्रीनगर ,28 फरवरी 2023 (ए) ।** जम्मू-कश्मीर के अवंतीपोरा इलाके में रात भर जारी मुठभेड़ के दौरान सुरक्षा बलों ने एक आतंकवादी को मार गिराया। आधिकारिक जानकारी के अनुसार आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में सूचना के बाद इस इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान के दौरान पदगामपोरा में मुठभेड़ शुरू हो गई।

एक सुरक्षा अधिकारी ने कहा, सेना, पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम जैसे ही संदिग्ध स्थान पर पहुंची, छिपे हुए आतंकवादियों ने स्वचालित हथियारों से गोलीबारी शुरू कर दी। इससे वहां मुठभेड़ शुरू हो गई, जिसमें एक आतंकवादी मारा गया। उन्होंने कहा कि मारे गए आतंकवादी की संबद्धता और पहचान अभी पता नहीं चल पाई है।

पुलिस ने एक ट्वीट में कहा, मारे गए आतंकवादी का शव अभी तक बरामद नहीं किया जा सका है। मुठभेड़ अभी जारी है और आगे की जानकारी सामने आएगी।

डीजीपी दिलबाग सिंह ने मुठभेड़ की पुष्टि की, लेकिन उन्होंने आतंकियों की पहचान की कोई जानकारी नहीं दी। सूत्रों के मुताबिक मारा गया आतंकी कश्मीरी पंडित संजय शर्मा की हत्या में शामिल हो सकता है। वहीं सेना के दो जवानों के घायल होने की खबर है।

## संपादकीय

### सीडब्लुसी में गांधी परिवार के तीन सदस्य होंगे

कांग्रेस के 137 साल के इतिहास में पहली बार ऐसा होगा कि नेहरू गांधी परिवार के तीन सदस्य एक साथ कांग्रेस कार्य समिति में होंगे। इससे पहले संभवतः कभी ऐसा नहीं हुआ है। परिवार के दो सदस्य तो एक साथ कार्य समिति में रहे हैं। लेकिन कांग्रेस की जो नई कार्य समिति बनेगी उसमें परिवार के तीन सदस्य एक साथ रहेंगे। कांग्रेस ने संविधान में संशोधन करके पूर्व अध्यक्षों को स्थायी सदस्य बनाने की व्यवस्था कर दी है। ध्यान रहे पार्टी में अभी सिर्फ दो ही पूर्व अध्यक्ष हैं। एक तो 20 साल से ज्यादा समय तक अध्यक्ष रहीं सोनिया गांधी और दूसरे करीब दो साल तक अध्यक्ष रहे राहुल गांधी। सो, ये दोनों कार्य समिति के सदस्य रहेंगे। सोनिया गांधी भले सक्रिय राजनीति से संन्यास ले लें लेकिन कार्य समिति की सदस्य बनी रहेंगी।

कांग्रेस कार्य समिति में तीसरी सदस्य प्रियंका गांधी वाड्रा होंगी। अगर संविधान के मुताबिक कार्य समिति के 11 सदस्यों का चुनाव होता तो प्रियंका के चुनाव लड़ने की संभावना थी। लेकिन अब सभी 23 सदस्य मनोनीत होंगे। बताया जा रहा है कि पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे उनको कार्य समिति में मनोनीत करेंगे। वैसे भी वे चार साल से पार्टी की महासचिव हैं, उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य की प्रभारी रही हैं और हाल ही में हिमाचल प्रदेश के चुनाव में उन्होंने अकेले प्रचार किया और चुनाव जीतने का श्रेय उनको दिया गया। राहुल गांधी उस समय भारत जोड़ो यात्रा कर रहे थे। रायपुर के कांग्रेस अधिवेशन में भी प्रियंका गांधी वाड्रा को मंच पर प्रमुखता से जगह मिली थी। वे आगे के चुनावों में भी कांग्रेस की स्टार प्रचारक रहने वाली हैं। इसलिए कार्य समिति में उनके लिए स्वाभाविक रूप से जगह बनती है।

## नशीले पदार्थों की तस्करी

# खत्म करना होगा काला धंधा

भारत में नशे का धंधा तेजी से फल-फूल रहा है। इसकी व्यापकता इतनी बढ़ गई है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मुख्य सचिवों के दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन में कहना पड़ा कि राज्य सरकारें ड्रग्स से उत्पन्न चुनौतियों को केंद्र के सामने लाएं।

इस समस्या के समूल नाश के लिए भी हर मुमकिन कोशिश करें क्योंकि यह आर्थिक-सामाजिक समस्याओं का कारण तो है ही साथ ही हमारे अस्तित्व के लिए भी खतरा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण भी इस समस्या के खतरों से बाबस्ता हैं। सीतारमण के अनुसार सोने की तस्करी तो सिर्फ अर्थव्यवस्था को चोट पहुंचाती है, लेकिन ड्रग्स की तस्करी हमारी कई पीढ़ियों को बर्बाद कर देती है।

संसद के शीतकालीन सत्र में 53 सांसदों ने ड्रग्स के नकारात्मक पहलुओं पर चर्चा की और इसके प्रसार पर लगाम लगाने की वकालत की। सांसदों की चिंता से सहमति जताते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि इसमें दो राय नहीं कि आज ड्रग्स से नई पीढ़ी बर्बाद हो रही है, अर्थव्यवस्था कमजोर पड़ने लगी है, और आतंकवाद को खाद-पानी मिल रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री ने सभी संबंधित एजेंसियों को मिलकर काम करने के लिए निर्देशित किया है, और कहा है कि आपस में समन्वय, सहयोग और तालमेल बनाकर काम करें। अमित शाह ने यह भी कहा कि ड्रग्स की आय से अर्जित संपत्तियों को प्राथमिकता के आधार पर जब्त करके बेचने की भी आवश्यकता है, क्योंकि इससे सरकार के पास पैसे आएंगे और वह नशे के धंधे को रोकने में समर्थ हो सकेगी। आज ड्रग्स के साथ-साथ हथियार और गोला-बारूद की भी तस्करी की जा रही है। ड्रग्स और हथियार के बीच चोली-दामन का रिश्ता बनता जा रहा है। गृह मंत्री अमित शाह चाहते हैं कि ड्रग्स सरहद तक या फिर सरहद या बंदरगाह या एयरपोर्ट से पान की दुकान तक या स्कूल परिसर या कॉलेज परिसर तक न पहुंचे, इसके लिए समुचित उपाय करने की जरूरत है। गृह मंत्रालय की एक रिपोर्ट के अनुसार ड्रग्स के मामले में अभी तक 30,407 गिरफ्तारियां हुई हैं, और 27,578 केस दर्ज हुए हैं। देश में गांजा और हीरोइन की तस्करी सबसे अधिक होती है। उसके बाद अफीम, कोकीन और दूसरे रासायनिक ड्रग्स आते हैं। उल्लेखनीय है कि जलमार्ग, थलमार्ग, नभमार्ग के रास्ते आने वाले कूरियर और पार्सल द्वारा ड्रग्स की मात्रा जांच एजेंसियों द्वारा पकड़ी गई ड्रग्स की मात्रा से अधिक है अर्थात एजेंसियों द्वारा पकड़ी गई ड्रग्स नशे के काले धंधे का छोटा अंश मात्र है।

आज भी बहुत सारे जांच अधिकारियों को यह ज्ञात ही नहीं है कि नशे के धंधेबाजों की संपत्तियों को अपने अधिकार में लेकर उन्हें बेचा जा सकता है। यह ऐसा पक्ष है, जिस पर सरकार को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। इसके लिए प्शिक्षण, सेमिनार, वर्कशॉप द्वारा इस क्षेत्र में काम करने वाली एजेंसियों के कमर्चारियों और अधिकारियों को जागरूक किया जा सकता है। हर जोन में ऐसे अधिकारी को नियुक्त करने की भी व्यवस्था की जाए जो केवल वित्तीय अनुसंधान की निगरानी करे, जरूरी सुझाव दे और जरूरत पड़ने पर प्रभावशाली समाधान प्रस्तुत करने में समर्थ हो। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा 2019 में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में 1 करोड़ 25 लाख लोग हेरोइन का सेवन करते हैं, जिनमें से 60 लाख लोग पूरी तरह से हेरोइन पर निर्भर हैं, जिन्हें प्राथमिकता के आधार पर चिकित्सा एवं पुनर्वासन की सुविधा उपलब्ध कराने की आवश्यकता है। हेरोइन के नशे में गिरफ्त लोग मुख्य रूप से पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, महाराष्ट्र, राजस्थान, गुजरात, उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश के रहने वाले हैं। मंत्रालय द्वारा किए गए राष्ट्रीय सर्वेक्षण के अनुसार देश में 6




करोड़ से अधिक ड्रग्स का सेवन करने वालों में 10 से 17 आयु वर्ग के लोग सबसे अधिक हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार 2022 में 14,967 किलो ग्राम हेरोइन की खेप पकड़ी गई जबकि 2019 में केवल 237 किलो ग्राम हेरोइन पकड़ी गई थी। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि ड्रग्स की तस्करी कितनी रफ्तार से बढ़ रही है। ड्रग्स आसानी से पैसा कमाने का सबसे आसान रास्ता माना जाता है, लेकिन यह महज भ्रांति है, क्योंकि इसकी गिरफ्त में आने के बाद इंसान मौत के बहुत ही नजदीक चला जाता है, या फिर असमय काल-कवलित हो जाता है। चूंकि पुलिस या अन्य जांच एजेंसियों की गिरफ्त में नशे के धंधेबाज या नशे की लत के शिकार लोग अक्सर नहीं आते हैं, इसलिए लोग इस काले धंधे से डरने की जगह नशे के दलदल में धंसते चले जाते हैं। आम तौर पर जांच एजेंसियां जिन्हें पकड़ती हैं, वे केवल प्यादा भर होते हैं, असली खिलाड़ी कहीं दूर बैठकर कठपुतलियों को नचाता रहता है। हालांकि, नशे के काले धंधे को रोकने की दिशा में लगातार प्रयास हो रहे हैं। बीएसएफ, एसएसबी, असम राइफल्स, भारतीय तटरक्षक, एनआईए और आरपीएफ, एनसीबी, सीबीएन, राज्यों की पुलिस आदि को स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 में अंतर्निहित अधिकार दिए गए हैं ताकि नशे के धंधे पर रोक लगाई जा सके। इस बहुआयामी लड़ाई में ड्रग्स की खपत कम करना अर्थात ड्रग्स की मांग घटाना भी अति महत्त्वपूर्ण है। यह तभी संभव है, जब ड्रग्स की गिरफ्त में जकड़े लोगों को सलाह एवं उपचार द्वारा स्वस्थ किया जाए। ऐसा प्रयास सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है, जो नशे के आदी व्यक्ति के उपचार एवं पुनर्वास कार्य में जुटा हुआ है। इस क्रम में जांच एजेंसियों को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि ड्रग्स के जिन धंधेबाजों को गिरफ्तार किया गया है, उन्हें सक्षम न्यायालय द्वारा कम से कम 10 वर्ष या उससे अधिक की अवधि के लिए सश्रम कारावास की सजा सुनाई जाए। ड्रग्स के धंधेबाजों को 10 वर्ष या अधिक की सजा होती है तो उनके द्वारा अवैध रूप से अर्जित संपत्तियों को कब्जे में लेकर बेचने में जांच एजेंसियों को आसानी होगी और आरोपी जांच को प्रभावित भी नहीं कर सकेंगे। प्रायः होता यह है कि एक ही अधिकारी ड्रग्स की खेप पकड़ने से लेकर अदालत में जिरह करने और वित्तीय अनुसंधान करने तक का काम भी करता है, जबकि वह प्रत्येक कार्य में दक्ष नहीं होता। ऐसी स्थिति में बदलाव लाने की जरूरत है। उम्मीद है कि सरकार जल्द ही इस दिशा में आवश्यक कार्रवाई करेगी क्योंकि इस साल गणतंत्र दिवस के अवसर पर नशामुक्त भारत की झांकी बताती है कि सरकार ड्रग्स के धंधेबाजों को नेस्तनाबूद करने के लिए कृत संकल्पित है।

**रत्नेश**

## तेरी मुस्कान

तुम्हारे होठों पर ये जो तबस्सुम है ना  
बस ये सदा बनी रहे और तुम खुश रहो।  
मेरी पहली और आखिरी ख्वाहिश है  
ये कभी तुम्हारे चेहरे से जुदा ना हो।  
जब तुम मुस्काते हो गालों पर डिम्पल  
आँखों में चमक और भी प्यारे लगते हो।  
हम उनमे खो जाते हैं और दीवाने हो जाते  
एक तबस्सुम के लिए  
जाने क्या कर जाते।  
पर अफ़सोस खुशी देने की खातिर तुम्हें  
और भी गम दे जाते हैं चाहत नहीं होती।  
दिल दुखाने की फ़िर  
भी दुःख दे जाते हैं  
क्या करें जो पसन्द ही नहीं मिलती हमारी।  
पर एक चीज़ मिलती है और वो है दिल  
जो हम लाख जुदा हो फ़िर भी  
करीब लाती है।  
तेरे होठों की तबस्सुम जीने के लिए काफी है  
अब और मुझे क्या चाहिए ये  
एहसास ही काफी है।  
यूँ ही तुम मुस्काते रहना हमे लगेगा  
तुझमे हम हैं  
उफ़ ये तुम्हारे तबस्सुम इससे  
अनमोल कुछ नहीं।  
आओ ना मिल कर साथ साथ मुस्कराते हैं  
और खुशियों भरे जीवन को और  
भी रंगीन बनाते हैं।  
तुम्हारे इन्द्रधनुषी तबस्सुम मेरे चैन  
लिए जाते हैं  
फ़िर भी ये मुझे बहुत लूभाते है तुम  
ऐसे ही रहना।  
तुम रुठो या मैं रुठूं फिर भी इसकी  
चमक ना छूटे  
तुम्हारे होंठो की तबस्सुम हमेशा से  
चमकती रहे।



**श्रीमती दुर्गेश नन्दिनी नामदेव**  
बिलासपुर  
छत्तीसगढ़

# नेतृत्व के मुद्दे पर असमंजस में फंसी भाजपा

राजस्थान में विधानसभा चुनाव का समय नजदीक आता जा रहा है। मगर भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व के मुद्दे को लेकर लगातार असमंजस में फंसी नजर आ रही है। राजस्थान के आम मतदाताओ को भाजपा से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार राजस्थान के दौरे कर रहे हैं। इसी दौरान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष व राजस्थान भाजपा के सबसे वरिष्ठ नेता गुलाबचंद कटारिया को असम का राज्यपाल बना कर प्रदेश की सक्रिय राजनीति से दूर भेज दिया गया है। राजस्थान में अभी विधानसभा का सत्र चल रहा है। सत्र के दौरान ही विपक्ष के नेता को हटाकर भाजपा आलाकमान ने बता दिया है कि पार्टी राजस्थान को लेकर पूरी तरह से गंभीर है। केंद्रीय नेतृत्व ने प्रदेश में भाजपा को नए सिरे से पुनर्गठित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसी के चलते कटारिया को राज्यपाल बनाकर असम भेजा गया है।

कटारिया के राज्यपाल बनने से खाली हुए नेता प्रतिपक्ष के पद पर भी अभी तक किसी का मनोनयन नहीं हुआ है। हालांकि नेता प्रतिपक्ष बनने की रेस में प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया, उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया, कालीचरण सर्राफ, नरपत सिंह राजवी, जोगेश्वर गर्ग, अनिता भदेल सहित कई वरिष्ठ विधायक शामिल है। मगर अंतिम फैसला भाजपा आलाकमान को ही करना है। आलाकमान जिसका नाम तय करेगा वही नेता प्रतिपक्ष बनेगा। हालांकि नेता प्रतिपक्ष के पद पर भाजपा आलाकमान की पसंद के विधायक का ही चयन किया जाएगा। मगर इसका मतलब यह नहीं है कि अभी भाजपा आलाकमान जिसे नेता प्रतिपक्ष बनाएगा। वही अगले विधानसभा चुनाव में पार्टी का नेतृत्व करेगा।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व संगठन महासचिव बीएल संतोष अपनी राजस्थान यात्रा के दौरान लगातार कह चुके हैं कि पार्टी राजस्थान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम व चेहरे पर चुनाव लड़ेगी। पार्टी के सभी नेता सामूहिक रूप से एकजुट होकर चुनाव लड़ेंगे और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनायेंगे। चुनाव के बाद विधायकों द्वारा नए नेता का फैसला किया जाएगा। भाजपा आलाकमान की यही बात वसुंधरा राजे व उनके समर्थकों को खटक रही है। उनको लगता है कि जिस तरह से एन चुनाव के पहले गुलाबचंद कटारिया को सक्रिय राजनीति से बाहर कर दिया गया। उसी तरह से उनको भी पार्टी में पावर लेस किया जा सकता है। इसी चिंता को लेकर वसुंधरा राजे समर्थक खेमा बार-बार उनको नेता घोषित कर उनके नेतृत्व में चुनाव लड़ने की मांग कर रहा है। हालांकि भाजपा आलाकमान वसुंधरा राजे व उनके समर्थकों की मनसा से पूरी तरह वाफिक है। इसीलिए किसी एक नेता के नेतृत्व में चुनाव लड़ने से कतरा रही है।

राजस्थान के विधानसभा चुनाव में भी गुजरात की तर्ज पर बड़ी संख्या में मौजूदा विधायकों के टिकट काटे जाने की चर्चा चल रही है। इससे लंबे समय से राजनीति में सक्रिय बहुत से वरिष्ठ नेताओं को अपने राजनीतिक भविष्य को लेकर चिंता सता रही है। अपनी राजनीतिक विरासत को बचाए रखने के लिए आलाकमान के राडार पर आए हुए कई भाजपा नेताओं ने तो अंदर खाने दूसरे दलों से भी टिकट लेकर चुनाव लड़ने की योजना पर काम शुरू कर दिया है। नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी, आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री संदीप पाठक तो खुलकर कह रहे हैं कि हम दूसरे दलों के प्रभावशाली नेताओं का पार्टी में स्वागत करेंगे।

कुछ दिनों पहले ही डूंगरपुर से भाजपा के विधायक रहे देवेंद्र कटारा भी आम आदमी पार्टी में शामिल हो चुके हैं। हालांकि भाजपा ने 2018 के चुनाव में खराब परफॉर्मेंस के चलते देवेंद्र कटारा का टिकट काट दिया था। तब कटारा ने निर्दलीय चुनाव लड़कर मात्र 8633 वोट ही प्राप्त किए थे। ऐसे में उनका विशेष जनाधार नहीं बचा है। लेकिन आम आदमी पार्टी तो ऐसे ही नेताओं से अपने संगठन को मजबूत करने में लगी हुई है।

राजस्थान भाजपा में इस समय कई गुट बने हुए हैं। प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पृष्ठभूमि के नेता हैं और प्रारंभ से ही भाजपा से जुड़े हुए हैं। संभ्रांत छवि के कारण उनकी प्रदेश में शालीन छवि मानी जाती है। हालांकि प्रदेश अध्यक्ष होने के चलते पूरा संगठन ही उनका है। मगर प्रदेश की राजनीति में इस वक्त उनका गुट बहुत मजबूत माना जा रहा है।

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे पिछले विधानसभा चुनाव में हारने के बाद लगातार पार्टी में हाशिए पर चली गई है। वसुंधरा राजे फिर से मुख्यधारा में आकर पार्टी की कमान संभालने का प्रयास कर रही है। मगर आलाकमान उन्हें तवज्जो देने के मूड में नहीं लग रहा है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री व जोधपुर के सांसद गजेंद्र सिंह शेखावत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पसंद माने जाते हैं। इसीलिए उन्हें राजस्थान की राजनीति में तेजी से आगे बढ़ाया गया है। उन्हें वसुंधरा राजे के विकल्प के तौर पर भी प्रस्तुत किया जा रहा है। मगर संजीवनी क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी घोटाले में उनका नाम आने से उनकी छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

हाल ही में राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत पर अब तक का सबसे बड़ा हमला बोला है। उन्होंने शेखावत पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि संजीवनी घोटाले में इनके परिवार के लोग शामिल हैं। गजेंद्र सिंह के पिता, इनकी माता जी, इनकी पत्नी, इनके साले पांचों लोग उसमें शामिल हैं। गहलोत ने कहा कि जिस व्यक्ति के ऊपर भयंकर आरोप हैं। प्रधानमंत्री ने ऐसे आदमी को मंत्री बना रखा है। प्रधानमंत्री उनकी जांच करें।

गहलोत ने कहा कि संजीवनी घोटाले में पीड़ितों में 80 परसेंट राजपूत हैं। मैंने भगवान सिंह रोलसाबसर से बात की है। वे गजेंद्र सिंह शेखावत के गुरु हैं। मैंने कहा भगवान सिंह जी इसे समझाओ कि पैसा वापस लौटाए। विदेशों के अंदर पता नहीं कितना पैसा लगा रखा है? इथियोपिया, ऑस्ट्रेलिया और भी पता नहीं कितने देशों में गजेंद्र सिंह का पैसा लगा हुआ है। केंद्रीय मंत्री को यह बात क्लियर करनी चाहिए। क्यों नहीं वह ईडी को जांच दिलवा रहे। गहलोत ने कहा कि सीबीआई तो गजेंद्र सिंह और इन लोगों की जेब में है। संजीवनी क्रेडिट कॉपरेटिव सोसाइटी के घोटाले में गहलोत ने गजेंद्र सिंह पर निशाना साधते हुए कहा- आप खुद केंद्रीय मंत्री हैं। यदि आप बेकसूर हैं तो गरीबों का पैसा वापस दिलवाने के लिए आगे क्यों नहीं आते?

अपनी राजस्थान यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 4 महीनों पहले आबू रोड के मानपुर धाम का दौरा किया था। उसके बाद बांसवाड़ा के मानगढ़ धाम, भीलवाड़ा के मालासेरी धाम का दौरा किया। फिर दोसा में एक्सप्रेस हाईवे का उद्घाटन करने आए। यह सभी क्षेत्र आदिवासी, गुर्जर, मीणा बहुलता वाले क्षेत्र हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा यहां कमजोर रही थी। उसी की भरपाई करने के लिए प्रधानमंत्री स्वयं दौरे कर रहे हैं। हालांकि प्रधानमंत्री द्वारा इन धार्मिक स्थलों के विकास के लिए कोई घोषणा नहीं किए जाने से लोगों में निराशा है।

फिलहाल तो प्रदेश में भाजपा के नेता अपना वर्चस्व जमाने के चक्कर में एक दूसरे को छोटा दिखा रहे हैं। ऐन चुनाव के वक्त इस तरह की हरकतों से भाजपा को आने वाले विधानसभा चुनाव में नुकसान उठाना पड़ सकता है। मगर इन सब से अनजान भाजपा के नेता एक दूसरे की टांग खिंचाई में ही लगे हुए हैं। जो किसी कैडर बेस पार्टी के लिये अच्छी बात नही मानी जा सकती है।



**रमेश सर्राफ धमोरा**  
झुंझुनू  
राजस्थान

# जोशीमठ :अधर में लटका भविष्य

आपदाग्रस्त पौराणिक नगर जोशीमठ को लेकर देश के आठ विशेषज्ञ संस्थानों ने अपनी-अपनी रिपोर्ट एनडीएमए को सौंप दी हैं।

राज्य सरकार ने लगभग उसी आधार पर पुनर्वास एवं मुआवजे का पैकेज भी घोषित कर दिया। लेकिन बावजूद इसके स्थिति स्पष्ट नहीं हो रही है। होगी भी कैसे? जोशीमठ में नित नई दरारों और गड्ढों के कारण स्थिति गंभीर होती जा रही है। पहले से आई दरारें चौड़ी होती जा रही हैं। मकान एवं खेतों के बाद अब बदरीनाथ नेशनल हाईवे में दरारें दिनोंदिन बढ़ती जा रही हैं। सड़क में दरारों के साथ कुछ दिनों से भारी गड्ढे भी होने लगे हैं। नगर के कुछ स्थानों पर बदरीनाथ हाईवे हल्का धंसने भी लगा है। सुनील, रवी, मनोहरबाग, टिनाग, सिंहधार, मारवाड़ी, चुनार, गांधीनगर, रविग्राम, कोठिला आदि सभी जगहों पर बड़ी तादाद में मकानों में दरारें आ रखी हैं। दरारों के चौड़ा होने से कुछ मकान झुकने लगे हैं।

यह स्थिति तब है जब इस साल शीत ऋतु में बारिश केवल नाममात्र की ही हुई। लोग जून से शुरू होने वाली बरसात की कल्पना से ही सिहर उठते हैं। भूवैज्ञानिक भी बरसात में दरारों में पानी घुसने से उत्पन्न स्थिति की आशंका से चिंतित हैं। जो शहर बिना बरसात ही धंसने लगा हो उसकी हालत बरसात में क्या होगी, यही मारक प्रश्न लोगों को सता रहा है। स्थिति को संभालने के लिए फौरी तौर पर दरारों को मिट्टी गारे से भरने का काम किया जा रहा है। लेकिन जब तक भूमिगत स्थिरता कायम नहीं होती तब तक जमीन में हलचल रहेगी ही। अगर इस बरसात में हालात बदतर नहीं हुए तो सरकार वहां स्थायी पुनर्निर्माण कर सकती है। दूसरी ओर, सरकार अभी भी जोशीमठ की बरबादी के लिए 520 मेगावॉट क्षमता की तपोवन-विष्णुगाड जल विद्युत परियोजना को जिम्मेदार मानने को तैयार नहीं है जबकि नागरिकों और स्वतंत्र भूवैज्ञानिकों के साथ ही पर्यावरणविद् भी शुरू से इस परियोजना की सुरंग को जोशीमठ के लिए विनाशकारी मानते रहे हैं। लेकिन अब स्वयं सरकार के ही श्रीदेव सुमन विविद्यालय के भूवैज्ञानिकों ने अपनी रिपोर्ट में इस परियोजना की 13.22 किमी. लंबी सुरंग के निर्माण को जोशीमठ आपदा के लिए जिम्मेदार ठहराया है।

दरअसल, एक सुरंग खोदने के लिए कुछ अन्य सुरंगें भी खोदनी (एडिट) होती हैं, जिनसे मलबा बाहर निकाला जाता है, और मशीनें अंदर पहुंचाई जाती हैं। इसलिए माना जा सकता है कि जोशीमठ की जमीन के अंदर सुरंगों का जाल बना हुआ है, जहां से भूमिगत पानी का रिसाव हो रहा है। लेकिन रिपोर्ट मिलने के बाद भी सरकार खामोश है क्योंकि परियोजना का लगभग 80 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है।

जोशीमठ को लेकर शुरू से ही सरकारें अनिर्णय और भ्रम की स्थिति में रहीं। इस खतरे की घंटी 1976 में मिश्रा कमेटी ने बजा दी थी, लेकिन किसी भी सरकार के कानों में जूं तक नहीं रेंगी। उसी समय नगर का मास्टर प्लान बना कर नगर नियोजन किया जाता और उसकी कैरीइंग कपैसिटी के मुताबिक निर्माण की अनुमति दी जाती तो आज हालात यहां तक नहीं पहुंचते। जोशीमठ के लोग पिछले 14 महीनों से किसी अनिष्ट की आशंका से डरे हुए थे। आशंका के दृष्टिगत राज्य सरकार ने 5 विशेषज्ञ संस्थानों से पिछले साल जुलाई में जोशीमठ की स्थिति का आकलन कराया था। उस विशेषज्ञ दल ने पहले ही जोशीमठ के खतरे से सरकार को अवगत करा दिया था लेकिन सरकार ने विशेषज्ञों की रिपोर्ट पर ध्यान देने की बजाय कॉमन सिविल कोड और धर्मातरण कानून पर ध्यान केंद्रित किया।

अभी तक आपदाग्रस्त क्षेत्र का बेसलाइन मैप तक तैयार नहीं हो पाया है जबकि नक्शे बनाने वाले संस्थान सर्वे ऑफ इंडिया का मुख्यालय देहरादून में ही है। ड्रोन के माध्यम से कंटूर मैपिंग का प्रयास विफल हो चुका है। आपदाओं का न्यूनीकरण और प्रबंधन तीन चरणों में किया जाता है-पहला, आपदा से पहले रोकथाम का; दूसरा, बचाव एवं राहत का; तथा तीसरा, पुनर्वास एवं पुनर्निर्माण का। लेकिन जोशीमठ के मामले में सरकार के प्रयास तीनों चरणों में खास नजर नहीं आए। राज्य सरकार ने मुआवजे और पुनर्वास के पैकेज की घोषणा तो कर दी लेकिन इसे धरती पर उतारना चुनौती से कम नहीं। कारण, बाढ़, भूकंप जैसी आपदाओं में एक ही झटके में नुकसान हो जाता है, जिसका तत्काल आकलन किया जा सकता है लेकिन यहां स्थिति भिन्न है। कल जो मकान सीधा खड़ा दिखाई देता था, आज टेढ़ा नजर आ रहा है। मकानों पर दरारें चौड़ी होती जा रही हैं। सरकार ने दरारों वाले लगभग 863 मकानों पर लाल निशान लगाए हुए हैं मगर 181 को ही असुरक्षित बताया है। कुछ लोगों को शिकायत है कि उनके मकानों पर लाल निशान तो लगा दिए गए मगर मकान खाली नहीं कराए गए। मकान असुरक्षित नहीं तो मकानों पर क्रॉस के लाल निशान क्यों लगा दिए गए। वैसे भी वहां मकानों की स्थिति बदलती जा रही है। व्यावहारिक सवाल तो यह है कि जब शहर के नीचे की जमीन खिसक रही हो तो किसी भी मकान को कैसे सुरक्षित माना जा सकता है, और कैसे उसकी आंशिक या पूर्ण क्षतिग्रस्त की श्रेणी तय की जा सकती है।

**जयसिंह रावत**

# 5 प्रतिशत महंगाई राहत पेंशनरों को देने म.प्र.के प्रस्ताव पर सहमती दे भूपेश सरकार

### महंगाई राहत देकर होली को बुजुर्ग पेंशनरों हेतु रंगीन बनाने की मांग

भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री एवं छत्तीसगढ़ राज्य सँयुक्त पेंशनर्स फेडरेशन के अध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और मुख्य सचिव अमिताभ जैन को ट्वीट कर रंग उत्सव होली के अवसर पर लम्बित 5त्न प्रतिशत महंगाई राहत की किश्त का तुरन्त भुगतान करने हेतु आदेश जारी कर होली में बुजुर्ग पेंशनरों के जीवन को रंगीन बनाने की मांग की है।

जारी विज्ञप्ति में उन्होंने आगे बताया है कि मध्यप्रदेश शासन के द्वारा 30 जनवरी 23 को छत्तीसगढ़ शासन को प्रस्ताव प्रेषित कर जिसमें दोनों राज्य के पेंशनरों को बकाया 5प्रतिशत महंगाई राहत की राशि की किश्त देने हेतु सहमति मांगा है ताकि दोनों राज्य के पेंशनरों को केंद्र के बराबर 38त्न प्रतिशत महंगाई राहत का भुगतान हो सके परंतु छत्तीसगढ़ राज्य सरकार उस प्रस्ताव पर सहमति देने में विलम्ब कर दोनों राज्य के पेंशनरों के साथ अन्याय कर रही हैं। इससे दोनों राज्य के पेंशनरों में भूपेश सरकार के प्रति रोष व्याप्त है।

उन्होंने आगे बताया हैं कि देश-प्रदेश में लगातार दिन-प्रतिदिन महंगाई बढ़ती ही जा रही है।पेट्रोल-डीजल के साथ हर जरूरत की वस्तु की कीमत आसमान छू रही है, जिसके कारण आम जनता की तरह राज्य के पेन्शनर भी त्रस्त है और यह बात राज्य की भूपेश सरकार को अच्छी तरह पता है, परन्तु फिर भी पेंशनरों की उपेक्षा करते हुये केन्द्र के समान 38त्न प्रतिशत महंगाई राहत से वंचित रखा हुआ है जबकि राज्य के खजाने से भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी केन्द्र के समान पूरा 38त्न प्रतिशत महंगाई भत्ता ले रहे हैं।

छत्तीसगढ़ राज्य सँयुक्त पेन्शनर फेडरेशन के अध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव और फेडरेशन से सम्बद्ध पेंशनर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष यशवन्त देवान, छत्तीसगढ़ प्रगतिशील पेंशनर्स कल्याण संघ के प्रांताध्यक्ष आर पी शर्मा छ ग पेंशनधारी कल्याण संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ डी पी मनहर,भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के अध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा तथा पेंशनर समाज के अध्यक्ष ओ पी भट्ट और विभिन्न संगठनो पेंशनर्स पदाधिकारी क्रमशःद्रोपदी यादव, रामरतन कैवर्त, कुंती राणा,अनिल गोल्हानी,पूरन सिंह पटेल, अनिल पाठक,अनूप श्रीवास्तव,आर एन ताटी, कृपा शंकर मिश्रा, विद्या देवी साहू, श्याम लाल चौधरी, वीरेन्द्र नाग, रामकुमार थवाइत,सी एम पांडेय,बी के वर्मा, राकेश जैन डी पी गजेंद्र,आर जी बोहरे,लोचन पांडेय,रमेश नन्दे, तीरथ यादव,प्रवीण त्रिवेदी, प्रदीप सोनी,आलोक पाण्डे, सी एल चंद्रवंशी,बी एल यादव, उर्मिला शुक्ला, नरसिंग राम ,आर के नारद,पीआर कटोलकर, एस के चिलमवार,वंदना दत्ता, सुरेश शर्मा, महेश पोद्दार, नागेश कापेवार, ई सुधाकर राव, अब्दुल वाहिद खान,बसंत गुप्ता, पीतांबर पारकर आदि ने भूपेश बघेल से आग्रह किया है कि वे सीनियर सिटीजन पेन्शनर के साथ न्याय करते हुये उन्हें केन्द्र के समान 38त्न प्रतिशत महंगाई राहत देकर उनकी रंगोत्सव होली को खुशियों से भर कर बचे हुये जिंदगी को शानदार - जानदार और यादगार बनाने में सहयोग करें।



**वीरेन्द्र नामदेव**  
नोएडा उत्तरप्रदेश

## रजिस्ट्रेशन ऑफ न्यूज पेपर्स (सेंट्रल) रूल्स 1956 के अंतर्गत घटती-घटना के संबंध में स्वामित्व तथा अन्य विवरण विषयक जानकारी

### घोषणा-पत्र

(फार्म4 नियम 8)

| | |
|---|---|
| 1. प्रकाशन स्थल | : नमनाकला संतहरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर सरगुजा छत्तीसगढ़ |
| 2. प्रकाशन अवधि | : दैनिक |
| 3. मुद्रक का नाम | : अविनाश कुमार सिंह |
| राष्ट्रीयता | : भारतीय |
| निवास | : केदारपुर,भट्ठीरोड,गीता पब्लिक स्कूल के पीछे,अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.) |
| 4. प्रकाशक का नाम | : अविनाश कुमार सिंह |
| राष्ट्रीयता | : भारतीय |
| निवास | : केदारपुर,भट्ठीरोड,गीता पब्लिक स्कूल के पीछे,अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.) |
| 5. संपादक का नाम | : अविनाश कुमार सिंह |
| राष्ट्रीयता | : भारतीय |
| निवास | : केदारपुर,भट्ठीरोड,गीता पब्लिक स्कूल के पीछे,अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.) |
| 6. पत्र का स्वामित्व भागीदारी अथवा एक से अधिक पूंजी वाले हिस्सेदार हों | : अविनाश कुमार सिंह केदारपुर,भट्ठीरोड,गीता पब्लिकस्कूल के पीछे,अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.) |

मैं अविनाश कुमार सिंह एतद् द्वारा घोषित करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिए गए विवरण सही है।

हस्ताक्षर  
**अविनाश कुमार सिंह**  
प्रकाशक

दिनांक: 01-03-2023

## कब तक फुटपाथ का जीवन होगा

इस विषय पर मनु चर्चा कब होगा।  
विस्तृत जहान जल थल नभ में,  
कब इनका भी स्वयं का कुछ होगा।  
कब इनका अपना घर होगा।  
कब इनका जीवन सुख होगा।  
कब इनके तन पे वस्त्र होगा।  
कब नंगे पांव न चलना होगा।  
कब इनका पढ़ना लिखना होगा।  
कब इनका जीवन सुनहरा होगा।  
कब इनका स्वयं पर हक होगा।  
कब इनका मान सम्मान होगा।  
कब इनका गाड़ी बंग्ला होगा।  
कब इनके द्वारा दिवाली होगा।  
कब इनका कर रंग भरा होगा।  
कब इनके सर लाल चुनर होगा।  
कब इनका सब त्योहार होगा।  
कब इनका भी गुणगान होगा।  
कब इनके अधर मुस्कान होगा।  
कब इनका जय जयकार होगा।



**प्रभात गौर**  
नेवादा जंघई  
प्रयागराज  
उत्तर प्रदेश

## मुझे नहीं ऊपर के लिए देना मैं निःस्वार्थी हूं

कोई भी शासकीय काम हो  
बेहिचक कह देना एक्सपर्ट हूं  
समर्पित कार्यकर्ता हूं  
मुझे नहीं ऊपर के लिए  
देना मैं निःस्वार्थी हूं  
ऊपर से हरी झंडी  
मिलती है समर्पित हूं  
मुझे कुछ नहीं चाहिए  
ऊपर के लिए लेता हूं  
यह अलग बात है  
पूरा जेब में भरता हूं  
मुझे नहीं ऊपर के लिए  
देना मैं निःस्वार्थी हूं  
हर रैली दौरे में उपस्थित रहता हूं  
जनता के काम करने  
हमेशा तैयार रहता हूं  
थोड़ा बहुत चायपानी  
हरे गुलाबी ले लेता हूं  
मुझे नहीं ऊपर के लिए देना मैं  
निःस्वार्थी हूं  
बाबू और अधिकारियों पर  
रौब ज़माता हूं  
फ़लाने ढिकाने का  
आदमी हूं बताता हूं  
उनसे फोकट में  
अवैध काम करवाता हूं  
मुझे नहीं ऊपर के लिए  
देना मैं निःस्वार्थी हूं  
पद के बल काम पड़े  
उसको झांसे में लेता हूं  
नहीं देने पर उनका  
काम आउट करवाता हूं  
खुद के लिए नहीं  
ऊपर के नाम पर लेता हूं  
मुझे नहीं ऊपर के लिए  
देना मैं निःस्वार्थी हूं



**किशन सनमुखदास भावनानी**  
गोंदिया महाराष्ट्र

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# हमें प्रतिदिन चुनावी मोड में काम करना है : अरुण साव

- संवाददाता -
अंबिकापुर,28 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

संकल्प भवन भाजपा कार्यालय में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव के मुख्य आतिथ्य में आज बूथ सशक्तिकरण अभियान पर आधारित जिला व मंडल के महत्वपूर्ण पदाधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई। बूथ सशक्तिकरण के मद्देनजर इस दौरान प्रोजेक्टर लगा कर कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों को प्रशिक्षण भी दिया गया। बूथ सशक्तिकरण कार्यक्रम की योजना संरचना का निर्माण पर चर्चा करते हुए

प्रदेश अध्यक्ष व सांसद अरुण साव ने मोर आवास- मोर अधिकार अभियान के तहत जनता के हक में संघर्ष कर रहे सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी और कहा कि कांग्रेसी विधायक निवास के घेराव में हजारों लोगों की भीड़ आ रही है। जनता कांग्रेस सरकार से अब छुटकारा पाना चाहती है। आगे उन्होंने कहा कि अब हमें प्रतिदिन चुनावी मोड में काम करना है, हमारे लिए पार्टी के कार्यकर्ता सर्वोपरि हैं और छत्तीसगढ़ में परिवर्तन की बयार बहाने में हर एक कार्यकर्ता जी-जान से जुट गया है। बूथ सशक्तिकरण पर बल देते हुए उन्होंने मंडल अध्यक्षों और पदाधिकारियों से कार्यक्रम की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कांग्रेस द्वारा छले गए आवासहीन 16 लाख गरीब परिवारों की आवाज बुलंद करते हुए भाजपा अभी विधानसभा घेराव का कार्यक्रम करने वाली है। छत्तीसगढ़ में लगभग 60 विधानसभा में घेराव का कार्यक्रम संपन्न हो चुका है, इसके बाद जिला स्तर पर घेराव का कार्यक्रम और 15 मार्च को छत्तीसगढ़ विधानसभा का घेराव होगा। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता एवं देवनाथ सिंह पैकरा तथा आभार प्रदर्शन गौतम विश्वकर्मा ने किया। इस अवसर पर भाजपा वरिष्ठ नेता अनिल सिंह मेजर, ओबीसी मोर्चा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सोनी, पूर्व सांसद कमलभान सिंह, रामकृपाल साहू, शिवनाथ यादव, उपेंद्र यादव, प्रबोध मिंज, विजयनाथ सिंह, भारत सिंह सिसोदिया, त्रिलोक कपूर कुशवाहा, प्रशांत त्रिपाठी, फुलेश्वरी सिंह, अरुणा सिंह, विनोद हर्ष, रौशन गुप्ता, राधेश्याम ठाकुर, विजय व्यापारी, विकास पांडे, मधु चौदाहा, मधुसूदन शुक्ला, संतोष दास, रूपेश दुबे, अभिषेक शर्मा, अजय प्रताप सिंह, राजेंद्र जयसवाल, आलोक दुबे, मनोज गुप्ता, वैभव सिंह, दिनेश साहू, अनिल सिंह, महेंद्र सिंह, रामकेश्वर रजवाड़े, इंद्र भगत, रज्जू राम, श्रवण दास, गुरुशरण सिंह, चंद्रिका यादव, बालनाथ यादव, नकुल सोनकर, दीपक तोमर, रामप्रवेश पांडे, सर्वेश तिवारी, वेदांत तिवारी, संजू वर्मा, शरद सिन्हा, अनामिका पैकरा, ललिता तिर्की, प्रियंका चौबे सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।






खबर का असर

## राजेश किराना में बिक्री हो रहे चिकन मसाला का लिया गया नमूना






- संवाददाता -
अंबिकापुर,28 फरवरी 2023 (घटती-घटना)। सरगुजा जिले के अबिकापुर में चल रहे मिलावटी खाद्यपदार्थ के शिकायत पर घटती-घटना के GG News फेसबुक लाईव के समाचार पर जिला कलेक्टर कुंदन कुमार के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में आज सख्त कार्रवाई की गई है ताकि जिले के आम नागरिकों को शुद्ध खाद्य सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। इसी तारतम्य में मिलावट खोरी करने वाले दुकानदारों पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के द्वारा लगातार कार्यवाही किये जाने की बात कही गई है इस तारतम्य में आज वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी आर0आर0 देवांगन ने बताया कि विगत दिनों मसालों में मिलावट संबंधी GG News के खबर पर संज्ञान लेते हुए शिकायती स्थल राम मंदिर रोड स्थित मेसर्स राजेश किराना अंबिकापुर में सोमवार को औचक निरीक्षण किया गया और खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री प्रशांत तिवारी के द्वारा शिकायती खाद्य एवरेस्ट चिकन मसाला का नमूना जाँच हेतु संकलित किया गया। नमूने को राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला कालीबाड़ी, रायपुर भेजा गया। प्रयोगशाला से जाँच रिपोर्ट आने के पश्चात नियमानुसार आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## आदिवासी की जमीन पर दबंगों का कब्जा,पीड़ित परिवार ने आईजी से की शिकायत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,28 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

आदिवासी की पैतृक भूमि को छल कपट करते हुए अपने नाम पर दर्ज करवा उस पर जबरन कब्जा कर लिए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित का आरोप है कि जब वे अपने पैतृक भूमि से कब्जा हटाने के लिए उक्त व्यक्ति को कहा तो उसने जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस महा निरीक्षक व सरगुजा एसपी से की है। यही नहीं अजाक थाने में भी अपराध दर्ज किए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है। उक्त मामले को लेकर पीड़ित पक्ष के मेंड्राकला निवासी चिंता बाई पति राम रतन उरांव उम्र 60 वर्ष व उसकी बहन लखनपुर तहसील के ग्राम अंधला निवासी टैक्सी बाई पति शिवप्रसाद उम्र 57 वर्ष ने बताया कि अंबिकापुर के लक्ष्मीपुर स्थित भूमि उनके पूर्वज स्वर्गीय सुखु उरांव कि स्व अर्जित संपत्ति है, जो सरगुजा स्टेट के दौरान उनके नाम पर व्यवस्थापित हुई थी। स्वर्गीय सुखू उरांव, के 3 पुत्र विशुन, खोसवा एवं सुमारू हुए। जिनमें से स्वर्गीय खोसवा की निसंतान मृत्यु हो चुकी है। स्वर्गीय सोमारू के दो पुत्री हैं तथा स्वर्गीय विसुन के 2 पुत्र जीतन एवं मितन है। बता दें कि कोई भी कृषि भूमि किसी भी रुप से सामान्य वर्ग के व्यक्ति के पक्ष में अंतरित नहीं हो सकती है। पीड़ित पक्ष कि दोनों महिलाओं द्वारा आरोप लगाते हुए कहा गया कि उनकी पैतृक भूमि को अंबिकापुर अग्रसेन वार्ड के निवासी अजय अग्रवाल पिता जगदीश अग्रवाल नामक व्यक्ति द्वारा हड़प लिया गया है। पीड़ित के अशिक्षित व भोलेपन का लाभ उठाते हुए तत्कालीन राजस्व कर्मचारियों से अवैध सांठगांठ एवं मिलीभगत करके राजस्व पत्रों में अपने नाम पर उक्त भूमि को दर्ज करवा उक्त जमीन को बाउंड्री वॉल से घेरकर जबरन कब्जा कर लिया गया है। पीड़ित पक्ष जब अपनी जमीन से कब्जा हटवाने के लिए पहुंचे तो उक्त व्यक्ति द्वारा गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया गया। पीड़ित पक्ष ने आईजी और एसपी को सौंपे ज्ञापन में जमीन जबरन कब्जा करने वाले उक्त व्यक्ति पर अपराध दर्ज करने एवं उन्हें उनकी पैतृक भूमि वापस दिलाए जाने की मांग की है।




## दिवंगत शिक्षाकर्मियों के आंदोलनरत परिजनों के समर्थन में छत्तीसगढ़ सर्व शिक्षक फेडरेशन

- संवाददाता -
अंबिकापुर,28 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

सविलियन के पूर्व प्रदेश के शासकीय स्कूलों में अपनी सेवाएं प्रदान करते हुए सैकड़ों शिक्षाकर्मी दिवंगत हो गए थे। दिवंगत शिक्षा कर्मियों के आश्रित विगत 3 माह से अधिक समय से रायपुर में हड़ताल कर रहे हैं। उन्हे काफी आर्थिक परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। इसी तारतम्य में कल उनके मुंडन कराने से पूरा शिक्षक जगत विचलित है। छत्तीसगढ़ सर्व शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश संयोजक शिव मिश्रा प्रांतीय सचिव चंद्र प्रकाश तिवारी, जिला अध्यक्ष विकास मानिकपुरी, अजय केरकेता, विकास चौबे सरिता मनहर, राकेश गुप्ता, संतोष गुप्ता, महेश नामदेव, रविंद्र मिश्रा, बिहारी लाल बरेठ, परस राम निषाद, ब्लॉक अध्यक्ष राजरोशन सि दार, अर्जुन खूंटे, राम प्रसाद माली, मधु सोनवानी, इंद्रजीत कास्ते, राजेश रावत, अजय सिंह सीदार, लक्ष्मी यादव, दिनेश गोंड, माधुरी खरा, धनवंती धीवर, मुकेश यादव, अमर दास मानिकपुरी, मधुसूदन कास्यकार, चरन सिंह सि दार, भूषण बरेठ,राधेश्याम चंद्रा आदि द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री से दिवंगत शिक्षा कर्मियों के परिवार के आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति नियम को शिथिल करते हुए जल्द अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान करने की मांग किया गया है। अन्यथा प्रदेश के सभी दो लाख एलबी संवर्ग के शिक्षक उग्र आंदोलन हेतु बाध्य होंगे।

# लड़के ने घर से भागकर प्रेमिका से कर ली है शादी,ग्रामीणों ने पूरे परिवार को किया बेघर

- संवाददाता -
अंबिकापुर,28 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

लुंड्रा थाना क्षेत्र निवासी एक युवक का प्रेम प्रसंग गांव की ही एक युवती से लंबे समय से चल रहा था। कुछ दिन पूर्व युवक ने भागकर उससे शादी कर ली। यह बात गांव के कुछ लोगों को अच्छी नहीं लगी और उन्होंने युवक के पिता को यह चेतावनी दी कि उसके बेटे व लड़की की हत्या कर शव के 100 टुकड़े कर गांव में बाटेंगे। फिर उन्होंने रविवार को गांव में पंचायत भी बुलवा ली। यहां उन्हें प्रताड़ित किया गया और घर ले जाकर मारपीट की गई। यहीं नहीं, घर का सारा सामान भी बाहर फेंक दिया गया। गांव वालों को यह शपथ दिलाई गई कि कोई भी इस परिवार से संबंध नहीं रखेगा। पीड़ित परिवार जब थाने पहुंचा तो पुलिस ने उन्हें वहां से भगा दिया। इसके बाद युवक के परिजन सोमवार की देर शाम अंबिकापुर पहुंचे और कलक्टर व एसपी को ज्ञापन सौंपकर ने न्याय की गुहार लगाई है।



सरगुजा एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में सरगुजा जिले के लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम अगासी निवासी सरस्वती अगरिया पति बृजमोहन ने बताया है कि उसके पुत्र जगेश्वर का गांव की ही एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। कुछ दिन पूर्व दोनों ने सगाई कर ली और दूसरे गांव में रह रहे हैं। युवती भी अपनी मर्जी से उसके बेटे के साथ है। इधर गांव के ही युवक इंजोर दास ने पूरे गांव को हमारे परिवार के खिलाफ भड़काकर हमें धमकी दे रहा है। उसने बताया कि रविवार को इंजोर दास, रविचंद्र, रामजीवन, अशोक, सिमम, मंगल, सोमार व उरदयाल समेत 20 लोगों ने उसके पति, बहू-बेटे व मासूम नाती के साथ मारपीट कर घर का सारा सामान बाहर फेंक दिया तथा धमकी दी है कि वे सभी की हत्या कर देंगे। उसने यह भी कहा है कि मामले की शिकायत कहीं भी कर लो, हमें कुछ नहीं होगा। शिकायत आवेदन में पीड़ित परिवार ने लिखा है कि रविवार की घटना के बाद जब उन्होंने डायल 112 में फोन कर पुलिस को बुलाया तो 2 आरक्षक आए। इस दौरान इंजोर दास ने टीआई का नंबर दिखाकर उन्हें चलता कर दिया। सोमवार को पुनः इंजोर दास ने गांव में पंचायत बुलाई और हमें कहा कि अपने बेटे और लड़की को बुलाओ। हमने जब जानकारी नहीं होने की बात कही तो हमसे बद्सलूकी की गई और फिर मारपीट की गई। जब शिकायत लेकर हम लुंड्रा थाने पहुंचे तो वहां के दरोगा ने उन्हें वहां से भगा दिया। पीड़ित परिवार ने कहा है कि घर से सारा सामान फेंक देने के कारण वे भूखे-प्यासे शिकायत लेकर आए हैं। उन्होंने एसपी से मामले में कार्रवाई की मांग की है।

## प्रतापपुर व अंबिकापुर वन परिक्षेत्र में दो ग्रामीणों को हाथी ने कुचला

- संवाददाता -
अंबिकापुर,28 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

सरगुजा व सूरजपुर जिले में हाथियों ने दो ग्रामीणों को कुचलकर मौत के घाट उतार दिया है। सूरजपुर जिले के प्रतापपुर वन परिक्षेत्र के ग्राम केरता में एक व्यक्ति अपने दो साथियों के साथ शादी समारोह में शामिल होकर सोमवार की रात वापस घर लौट रहा था। रास्ते में हाथी से इनका सामना हो गया। दोनों साथियों ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई पर एक युवक को हाथी ने कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। वहीं दूसरी घटना मंगलवार की दोपहर की है। अंबिकापुर से लगे ग्राम केपी अजिरमा की है। जंगल गए ग्रामीण को हाथी ने कुचलकर मौत के घाट उतार दिया है।

जानकारी के अनुसार सरगुजा संभाग में एक बार फिर से हाथियों को आतंक बढ़ता जा रहा है। सूरजपुर के प्रतापपुर वन परिक्षेत्र अंतर्गत केरता निवासी 30 वर्षीय जीतन बेक अपने दो दोस्तों के साथ सोमवार की रात 12 बजे के करीब शादी समारोह से वापस घर लौट रहा था। इसी दौरान मार्ग में उनका सामना हाथी से हो गया। हाथी को देखकर जीतन के दोनों दोस्त तो भाग निकले जबकि हाथी ने जीतन को पटककर मार डाला। दूसरी घटना में ग्राम केपी अजिरमा निवासी 28 वर्षीय भंडारी दास मंगलवार की दोपहर में अपने एक साथी के साथ जंगल में लकड़ी लेने गया था। जहां पर अचानक हाथी आ गया। इस दौरान उसके साथ गए व्यक्ति ने भागकर अपनी जान बचा ली मगर भंडारी दास हाथी से अपने आप को बचा नहीं पाया और हाथी ने कुचलकर भंडारी दास को मौत के घाट उतार दिया है। सूचना मिलते ही वन विभाग मौके पर पहुंच कर मामले की जांच की। फिलहाल क्षेत्र में सर्चिंग शुरू कर दी है और स्थानीय लोगों को सर्तक रखने की अपील की गई है।

## सरगुजा स्वर्णकार भवन का लोकार्पण 2 मार्च को




- संवाददाता -
अंबिकापुर,28 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

सरगुजा स्वर्णकार भवन के नवनिर्मित प्रथम तल का लोकार्पण 2 मार्च को मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह व विशिष्ट अतिथि सुनील सोनी सांसद रायपुर द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सरगुजा स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सोनी ने कहा कि अम्बिकापुर के कैलाश मोड़, सत्तीपारा पर स्थित स्वर्णकार समाज के लोगों सहित सभी वर्गों के सहयोग से निर्मित सरगुजा स्वर्णकार भवन के निचले तल की उपयोगिता को देखते हुए प्रथम तल का भव्य निर्माण कराया गया है। जिसका लोकार्पण अतिथियों सहित समाज के गणमान्य नागरिकों व आमजन की उपस्थिति में किया जा रहा है।

## तलवार दिखाकर डरा धमका रहा था बदमाश,पुलिस ने किया गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,28 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।



होली त्योहार के पूर्व सरगुजा पुलिस द्वारा निगरानी बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी क्रम में कोतवाली क्षेत्र के मिशन चौक के पास सोमवार को एक बदमाश द्वारा हाथ में तलवार लेकर लोगों को डरा धमका रहा था। सूचना पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्मस एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

होली त्यौहार के पूर्व सरगुजा पुलिस आमजनों की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं कानून व्यवस्था का पालन करने के लिए आईजी राम गोपाल गर्ग व एसपी भावना गुप्ता द्वारा जिले के सभी थाना व चौकी प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में 27 फरवरी को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रूपेश नारंग को जानकारी मिली की शहर के मिशन चौक के पास एक व्यक्ति द्वारा हाथ में तलवार लेकर आने-जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी हरजीत सिंह ऊर्फ राजा साकिन मिशन चौक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से तलवार भी जब्त किया है। आरोपी पूर्व में भी धारा 307 के मामले में जेल जा चुका है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

# अदाणी फाउंडेशन ने फरवरी में कराये अधोसंरचना विकास के कार्य

» ग्राम बासेन में लगाया शुद्ध पेयजल हेतु फ़िल्टर प्लांट,300 से ज्यादा परिवार होंगे लाभान्वित

» ग्राम साल्हि में पशुधन विकास परियोजना में दूध उत्पादन इकाई, हजारों रुपए की होगी आय

- संवाददाता -
अंबिकापुर,28 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

जिले के उदयपुर विकासखंड क्षेत्र में अदाणी फाउंडेशन द्वारा सामाजिक अधोसंरचना विकास की कई परियोजनाएँ संचालित की जा रही है। राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के सामाजिक सरोकारों के अंतर्गत इस महीने जहां शुद्ध पेयजल की समस्या के निवारण हेतु फ़िल्टर प्लांट स्थापित किया गया। तो वहीं स्वरोजगार में सहायता हेतु एक स्व-सहायता समूह को भी मदद की है। अदाणी फाउंडेशन द्वारा ग्राम बासेन में शुक्रवार को शुद्ध पेयजल हेतु वाटर फ़िल्टर प्लांट का उद्घाटन किया गया। यह प्लांट रुपये 5.50 लाख के निवेश से स्थापित की गई है। इसकी क्षमता प्रति घंटे 2000 लीटर पानी फिल्टर करने की है। इस परियोजना से ग्राम बासेन के लगभग 300 परिवारों सहित अन्य लोगों के लिए भी पानी मुफ्त में उपलब्ध होगा।






बासेन गांव में पेयजल की समस्या होने की वजह से अदाणी फाउंडेशन द्वारा पूर्व में टैंकर से पानी की आपूर्ति की जाती थी,लेकिन वाटर फिल्टर प्लांट लगने से बासेन के साथ साथ अन्य लोगों को अब गर्मीयों के मौसम में भी पानी की संकट से निजात मिल जाएगी। वहीं दूसरी ओर शुक्रवार को ही स्थानीयों को स्वरोजगार में मदद हेतु ग्राम साल्हि स्थित माया स्वसहायता समूह को भी मदद की है। अदाणी फाउंडेशन के द्वारा समूह को दुग्ध उत्पादन केंद्र में देशी नस्ल की पांच अच्छी गाय उनके मादा बछड़ों के साथ खरीदी कराने में मदद, गौशाला हेतु शेड निर्माण तथा उचित प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही साथ इस इकाई के उत्पादित दुग्ध को अदाणी विद्या मंदिर में मध्यान्ह भोजन में उपयोग हेतु अनुबंधित भी कराया है। इससे समूह को एक निश्चित आय अर्जन का रास्ता भी साफ हो गया है। उनका लक्ष्य महिला उद्यमी बहुउद्देशीय सहकारी समिति के साथ मिलकर मॉडल डेयरी के रूप में विकसित कर उनकी आय बढ़ाना है।

उद्घाटन समारोह में अदाणी इंटरप्राइजेस के क्लस्टर प्रमुख श्री मनोज शाही, टेक्नो कमर्शियल विभाग के प्रमुख श्री सत्येंद्र बघेल, क्लस्टर एचआर हेड श्री राम द्विवेदी, भूमि विभाग के एचओडी संजय श्रीवास्तव, वित्तीय महाप्रबंधक श्री अमित तिवारी, संपर्क विभाग के श्री सिद्धार्थ रक्षित, ग्राम बासेन सरपंच श्रीमती दुर्गावती, ग्राम साल्ही सरपंच श्री विजय कोर्रम और एसएचजी और किसान महिलाएं, सीएसआर टीम से श्री सौरभ सिंह, श्री बलराम चौधरी, श्री अमित रॉय और गाँव के किसान और स्वयं सहायता समूह के सदस्य उपस्थित थे।

राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम के सरगुजा क्षेत्र में सामाजिक उत्तरदयित्व का निर्वहन करते हुए गुणवत्तायुक्त शिक्षा स्वास्थ,अधोसंरचना विकास, पेयजल व अन्य मूलभूत सुविधाओं पर कार्यरत है, जिसमें ग्रामीण अधोसंरचना विकास के कई कार्य जैसे पक्की सड़क, गांव में साफ पानी, सामुदायिक भवन निर्माण इत्यादि शामिल है। साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (ष्टक्चस्श्व) बोर्ड की अंग्रेजी माध्यम स्कूल अदाणी विद्या मंदिर में स्थानिय आदिवासी बच्चों को कक्षा 1 से 12 वीं तक निःशुल्क उत्तम शिक्षा के साथ ही नाश्ता, भोजन, कॉपी, किताब, डिजिटल शिक्षा के लिए टैब इत्यादि भी मुफ्त में प्रदान की जाती है।

CMYK

# केदारनाथ की तर्ज पर सिद्ध बाबा पहाड़ी में बन रहा भव्य शिव दरबार

### शिव भक्तों के सहयोग से हो रहा मंदिर का जीर्णोद्धार

- संवाददाता -
मनेन्द्रगढ़,28 फरवरी 2023
(घटती-घटना)।

मनेन्द्रगढ़ श्री सिद्धबाबा धाम में बाबा का नया गर्भगृह बनने पर शिव भक्तों में हर्ष का माहौल है इस मौके पर समिति के सदस्यों ने गर्भ गृह में पहुंचकर बाबा के दर्शन कर क्षेत्र की सुख समृद्धि की मंगल कामना की।

सिद्धबाबा के मन्दिर को एक नई पहचान दिलाने, सिध्द बाबा सरकार के रास्ते को सुगम एवं सरल बनाने वाले सभी भक्तों सिध्द बाबा कमेटी के शिव भक्तों ने कोटि कोटि धन्यवाद देते हुए कहा कि क्षेत्र के शिव भक्तों का एक सपना तेजी से मूर्त रूप ले रहा है, आने वाले समय में सिद्ध बाबा सरकार धाम क्षेत्र को नई पहचान दिलाएगा. मनेन्द्रगढ़ शहर के उत्तर की ओर स्थित सिद्ध बाबा पहाड़ी में भगवान शिव का एक अत्यंत प्राचीन मंदिर है जो समय



के साथ धीरे-धीरे जर्जर होता चला गया.







इसके अलावा पहाड़ी पर बने मंदिर तक पहुंचने के लिए भी सुगम रास्ता ना होने के कारण यहां जाने वाले भक्तों को काफी परेशानी उठानी पड़ती थी लेकिन उसके बावजूद भी शिव भक्तों का उत्साह कम नहीं होता था, यहां लगने वाले मेले में हजारों की संख्या में कई जिलों के लोग पहुंचकर भगवान शिव के दर्शन किया करते थे, इसके अलावा मंदिर परिसर में होने वाले अन्य आयोजनों में भी श्रद्धालु बढ़-चढ़कर भाग लेते थे. धीरे-धीरे जब लोगों की संख्या बढ़ने लगी तब आम जनों की असुविधा को देखते हुए सर्वप्रथम क्षेत्र के शिव भक्तों ने मंदिर तक सुगमता पूर्वक पहुंचने के लिए सीढ़ियों के निर्माण की जिम्मेदारी उठाई और फिर एक-एक करके लोग जुड़ते गए और कारवां बढ़ता गया. मंदिर तक पहुंचने के लिए सीढ़ियों व सड़कों का निर्माण किया गया है.जिसमें अभी कुछ काम शेष है यदि शिव भक्तों का इसी तरह सहयोग मिलता रहा तो आने वाले समय में मंदिर तक पहुंचने के लिए सुगम सड़क बन सकेगी, इसके अलावा भगवान शिव के प्राचीन मंदिर के स्थान पर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर केदारनाथ मंदिर की तर्ज पर भव्य शिव मंदिर का निर्माण किया जा रहा है जिसकी आभा देखते ही बनती है, सुदूर क्षेत्रों के कारीगर बड़ी बारीकी के साथ मंदिर का निर्माण कर रहे हैं जिसे देखने के लिए अभी से ही काफी संख्या में श्री भक्त सिद्ध बाबा सरकार धाम पहुंचने लगे हैं. शीतला मंदिर में भगवान शिव के साथ ही साथ अन्य देवी देवताओं के भी प्राचीन मूर्तियां हैं जिनके लिए भी व्यवस्थित करने का कार्य तेजी से किया जा रहा है, मंदिर निर्माण में जिले के लोगों के साथ ही साथ छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश के शिव भक्त बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी निभा रहे हैं. मंदिर निर्माण के साथ ही साथ मंदिर परिसर के आसपास श्रद्धालुओं के लिए भी मूलभूत व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए समिति के सदस्यों द्वारा पहल की जा रही है जिसमें भी स्थानीय जनों का व्यापक सहयोग मिल रहा है।

#### यहां स्थित है सिद्ध बाबा

सिद्ध बाबा सरकार का प्राचीन शिव मंदिर, मनेन्द्रगढ़ बस स्टेशन और रेलवे स्टेशन से लगभग 4 से 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, यहाँ अपने साधन के अलावा ऑटो, कार आदि से मंदिर आसानी से पहुंच सकते हैं।यहाँ मंदिर में सावन माह और महाशिवरात्रि पर क्षेत्रीय लोगों के अलावा दूसरे जनपद के लोग भी यहां पर जलाभिषेक और कांवड़ चढ़ाने के लिए आते हैं। श्रावण मास के अलावा प्रत्येक सोमवार को काफी संख्या में लोग जलाभिषेक और कांवड़ चढ़ाने आते हैं। उनके लिए मंदिर के आसपास पूजा सामग्री की दुकानें लगी हैं। हर साल सावन माह में मंदिर के आसपास मेला भी लगता है। जिसमें क्षेत्र के काफी लोग खरीदारी करने पहुंचते हैं। श्रावण मास के अलावा भक्तों के द्वारा मंदिर पर कई बार भंडारे कराए जाते हैं, इनमें काफी संख्या में श्रद्धालु सपरिवार पहुंचकर भंडारा प्रसाद ग्रहण करते हैं. बरहाल श्री सिद्ध बाबा सरकार मंदिर निर्माण को लेकर श्रद्धालु काफी उत्साहित हैं और सभी इस बात के लिए प्रयासरत हैं कि शीघ्र से शीघ्र मंदिर का निर्माण हो जिससे यहां श्रद्धालुओं को मंदिर के नए स्वरूप के साथ ही साथ विहंगम शिव धाम का दर्शन हो सके।

## नाबालिग ग्यारहवीं की छात्रा का हो रहा था विवाह

- स्कूल आईसीडीएस और चाइल्ड लाइन की मदद से रुका विवाह
- बारात से पहले उखड़वाया मंडप

- संवाददाता -
उदयपुर,28 फरवरी 2023
(घटती-घटना)।



स्कूल आईसीडीएस और चाइल्ड लाइन की मदद से रुकवाया गया बाल विवाह। उदयपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक हायर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा ग्यारहवीं पढ़ने वाली छात्रा का विवाह मंगलवार 28 फरवरी को होना सुनिश्चित हुआ था। लड़की को हल्दी लग गई घर वाले बारात की तैयारी करने लगे इसी विद्यालय के छात्र छात्रा भी शादी में शामिल होने के लिए शिक्षकों से छुट्टी मांगना शुरू किया एक दो नहीं बल्कि कई छात्र छात्रा ने जब छुट्टी मांगी तो शिक्षकों ने पूछा किसके विवाह में शामिल होने जा रहे हो तो खुलासा हुआ की कक्षा ग्यारहवीं में पढ़ने वाली अपने ही विद्यालय की छात्रा का विवाह हो रहा है तब शिक्षकों ने चाइल्ड लाइन को इसकी खबर दी। सूचना मिलने पर सोमवार को मौके पर स्कूल आईसीडीएस और चाइल्ड लाइन की टीम पहुंची तथा परिजनों को कम उम्र में शादी नहीं करने की समझाइश दी। काफी समझाइश के बाद परिजनों ने चाइल्ड लाइन आईसीडीएस के अधिकारियों की बात मानी और मंडप उखाड़ने को तैयार हुए।

विद्यालय के शिक्षकों की सराहनीय पहल और आईसीडीएस और चाइल्ड लाइन की मदद से एक नाबालिग का विवाह रुक पाया। सभी विभाग के लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

## स्व. केशवलाल मेहता स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता में बालको-11 ने डिफेंडिंग चैंपियन पुलिस-11 को हराकर बना चैंपियन

- संवाददाता -
कोरबा,28 फरवरी 2023
(घटती-घटना)।



कोरबा जिले में क्रिकेट का महाकुंभ कहे जाने वाले स्व. केशव लाल मेहता स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता 2023 के फाइनल मैच को जीतकर बालको इलेवन ने विनिंग ट्रॉफी हासिल कर ली। फाइनल मुकाबले में बालको इलेवन ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण चुना। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी पुलिस इलेवन की टीम के ओपनर बल्लेबाज जल्दी ही आउट हो गए। तब पुलिस की टीम दबाव में खेलती नजर आई, हालांकि खिलाड़ी संजय, भवानी और कवि की बेहतर बल्लेबाजी कि बदौलत टीम ने निर्धारित 15 ओवर में 137 रन बना लिया। बालको इलेवन की टीम उक्त लक्ष्य का पीछा करने उतरी तो टीम के सलामी बल्लेबाजों ने मजबूत शुरुआत दी। उनके देर तक मैदान पर टिके रहने से रन तेजी से बने। विकेट गिरे तो भी उतरने वाले नए खिलाड़ी बेहतर शॉट लगाकर रन जुटाते रहे। टीम ने अंतिम 7 गेंद रहते हुए 6 विकेट खोकर 138 रन बना लिया। इस तरह बालको इलेवन ने फाइनल के इस मुकाबले को 4 विकेट से जीतकर विजेता बनी और प्रतियोगिता की विनिंग ट्रॉफी अपने नाम कर ली। वहीं पुलिस इलेवन की टीम उप विजेता बनी। प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार बालको इलेवन के खिलाड़ी सुशील को दिया गया









#### बालको एवं पुलिस टीम के ही खिलाड़ी निकले पूरे सीरीज के हीरो

पूरे प्रतियोगिता के दौरान बल्लेबाजी गेंदबाजी समेत फील्डिंग में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के चयन में बालको और पुलिस की टीम के खिलाड़ियों ने बाजी मारी। मैन ऑफ द सीरीज का खिताब अरविंद (बालको) तो बेस्ट फील्डर का खिताब भवानी (पुलिस), बेस्ट बैट्समैन का खिताब कवि (पुलिस) एवं बेस्ट बॉलर का खिताब हरमेश (पुलिस) को मिला।

#### समापन समारोह के मुख्य अतिथि रहे राजस्व मंत्री तो विशिष्ट अतिथि महापौर एवं सभापति रहे

फाइनल मैच के साथ ही प्रतियोगिता के समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में माननीय जयसिंह अग्रवाल जी, मंत्री राजस्व एवं आपदा पुनर्वास वाणिज्यकर (पंजीयन एवं मुद्रांक) विभाग (छत्तीसगढ़ शासन), विशिष्ट विशिष्ट अतिथि के रूप में माननीय राजकिशोर प्रसाद जी, महापौर नगर पालिक निगम कोरबा, माननीय श्यामसुंदर सोनी जी सभापति नगर पालिक निगम कोरबा, श्री श्रीकांत बुधिया जी अध्यक्ष अग्रवाल सभा कोरबा एवं अध्यक्ष जिला उद्योग संघ कोरबा समेत अतिथि के तौर पर श्री नीरज सिंह जी, हेड इंफ्रास्ट्रक्चर बालको, मानसी चौहान जी, हेड कॉरपोरेट कम्युनिकेशन, श्री विजय बाजपेई जी, बालको जनसंपर्क अधिकारी, पूर्व सभापति एवं नगर निगम के एमआईसी मेंबर श्री संतोष राठौर जी शामिल हुए। एल्डरमैन श्री आरिफ खान, शासकीय अभिभाषक श्री रोहित राजवाड़े, एमआईसी मेंबर श्री कृपाराम साहू एवं श्री नीरज सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती नीतू सिंह जी व पुलिस इलेवन के खिलाड़ी व निरीक्षक श्री विवेक शर्मा जी की धर्मपत्नी श्रीमती श्रद्धा शर्मा जी भी मंचस्थ रहे। कोरबा प्रेस क्लब के पदाधिकारियों व सभी सदस्यों द्वारा अतिथियों पुष्पगुच्छ भेट करके उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अंत में स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया गया।

#### अतिथियों ने की आयोजन की सराहना, प्रेस क्लब को दी बधाई

मुख्य अतिथि के तौर पर अपने उद्बोधन में राजस्व मंत्री माननीय जयसिंह अग्रवाल जी ने प्रेस क्लब के द्वारा प्रतिवर्ष होने वाले स्व. केशवलाल मेहता स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता की सराहना की। साथ ही बेहतर आयोजन के लिए उन्होंने प्रेस क्लब को बधाई दी। उन्होंने कहा कि लोग आपसी राग द्वेष को छोड़कर इस प्रतियोगिता में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से शामिल होते हैं, लोगों को इस क्रिकेट प्रतियोगिता का पूरे सालभर इंतजार रहता है। आपसी सद्भाव से प्रतियोगिता संपन्न होती है। इसी तरह विशिष्ट अतिथि के तौर पर माननीय राजकिशोर प्रसाद जी ने भी आयोजन की सराहना की।उन्होंने कहा कि प्रेस क्लब द्वारा प्रतिवर्ष इस आयोजन से समाज को एक स्वच्छ संदेश मिलता है।

#### मंच पर मनाया गया केक काटकर श्री नरेंद्र मेहता जी का जन्मदिन

स्वर्गीय केशव लाल मेहता स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन प्रतिवर्ष करीब एक सप्ताह तक किया जाता था, लेकिन पहली बार 18वें वर्ष में 2 सप्ताह का आयोजन किया गया। संयोग से फाइनल (समापन) के दिन स्वर्गीय मेहता जी के बड़े सुपुत्र श्री नरेंद्र मेहता जी का जन्मदिन होने की जानकारी मिली। कोरबा प्रेस क्लब द्वारा मंच पर ही राजस्व मंत्री माननीय जयसिंह अग्रवाल जी समेत अन्य सभी अतिथियों की उपस्थिति में केक काटकर उनका जन्मदिन मनाया गया।

#### बालको इलेवन एवं पुलिस इलेवन से खेले यह खिलाड़ी

बालको इलेवन से कप्तान नरेश कश्यप के साथ ही उप कप्तान अरविंद मानिकपुरी, शेष नारायण ज्योतिस सिन्हा, संतोष बरेट, राहुल साहू, सुशील सिंह, आयुष, अविनाश, पी. राजा, समीर, प्रदीप, दुर्गेश महंत, अजय यादव एवं भुनेश्वर राठौर शामिल हुए। वही पुलिस इलेवन की टीम से कप्तान रॉबिंसन गुड़िया, उपकप्तान विवेक शर्मा, कमल नारायण, राकेश मेहता, हेराम, हरमेश, भवानी, कवि, दिनेश, प्रीतम, इरफान, संजय सूरज व रूपक शर्मा शामिल हुए। एंपायरिंग श्री गोगी भुल्लर जी एवं श्री करतार सिंह जी ने किया। कमेंट्री श्री वेद प्रकाश यादव जी एवं स्कोरिंग पत्रकार साथी श्री अजय राय जी ने की।

प्रेस क्लब कार्यकारिणी एवं सदस्य रहे मौजूद

फाइनल मुकाबले के साथ ही प्रतियोगिता के समापन समारोह पर प्रेस क्लब के संरक्षक श्री कमलेश यादव, अध्यक्ष श्री राकेश श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष श्री विवेक शर्मा, सचिव श्री दिनेश राज, कोषाध्यक्ष श्री रंजन प्रसाद एवं समस्त कार्यकारी सदस्य प्रेस क्लब के सदस्य सम्मानीय पत्रकार बंधु एवं शहर वासियों ने मैच का लुफ्त उठाते हुए समापन समारोह में उपस्थित रहे

## जनसंपर्क विभाग द्वारा तुमान में आयोजित सूचना शिविर में विधायक पाली तानाखार मोहित राम केरकेट्टा हुए शामिल

- छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का हो रहा क्रियान्वयन,योजनाओं का लाभ जरूर उठाए : विधायक केरकेट्टा
- 01 मार्च को विकासखण्ड कटघोरा के बुंदेली (कसईपाली) में लगेगा सूचना शिविर






- संवाददाता -
कोरबा, 28 फरवरी 2023
(घटती-घटना)।कलेक्टर संजीव झा के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाने के लिए एक दिवसीय सूचना शिविर का आयोजन विकासखण्ड पोड़ी-उपरोड़ा के ग्राम पंचायत तुमान में किया गया। सूचना शिविर में लोगों को विभिन्न शासकीय योजनाओं और उसके लाभ के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में ग्राम तुमान सहित आसपास के ग्रामीणों ने भी उपस्थित होकर योजनाओं की जानकारी ली। साथ ही जनसंपर्क विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं की प्रचार पुस्तिकाओं का वितरण शिविर में किया गया। जनसंपर्क विभाग के समन्वय से आयोजित सूचना शिविर में पाली-तानाखार क्षेत्र के विधायक श्री मोहित राम केरकेट्टा शामिल हुए। विधायक श्री केरकेट्टा ने सूचना शिविर में आए ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। सभी विभागों द्वारा बताए गए शासकीय योजनाओं की जानकारी लेकर इसका लाभ जरूर उठायें। उन्होंने कहा कि वन विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, राजस्व विभाग सहित सभी विभागो में विभिन्न प्रकार के जनहितकारी कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। जो कि जनता के लिए निश्चित ही लाभकारी हैं। विधायक ने कहा कि नागरिकों स्र2इुहड्ड जानकारी के अभाव में योजनाओं का सही लाभ नहीं ले पाते इसी कारण सूचना शिविर का आयोजन कर लोगों को योजनाओं के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने सभी योजनाओं की जानकारी लेकर योजनाओं से लाभान्वित होने की अपील लोगों से की।

इस दौरान जनपद सदस्य श्रीमती फुलेश्वरी महंत, विधायक प्रतिनिधि श्री राजकुमार महंत, जनपद पंचायत पोड़ी-उपरोड़ा के सीईओ श्री राधेश्याम मिर्झा, तहसीलदार पोड़ी-उपरोड़ा श्री राहुल पाण्डेय सहित सरपंच एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे।

तुमान में आयोजित सूचना शिविर में लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने और स्वास्थ्य जांच के लिए भी कैम्प का आयोजन किया गया था। शिविर में मौजूद विधायक श्री केरकेट्टा ने भी अपना स्वास्थ्य जांच कराया। शिविर में महिला बाल विकास विभाग, उद्यानिकी विभाग, राजस्व, कृषि, वन, विद्युत विभाग, शिक्षा विभाग, खाद्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं क्रेडा सहित सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित होकर लोगों को अपनी-अपनी विभागों में संचालित योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही ग्रामीणों से विभिन्न प्रकार की समस्याओं और सुझावों के संबंध में आवेदन भी लिए। शिविर में लोगों को, मिलेट मिशन योजना, गोधन न्याय योजना, शहीद महेंद्रकर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक सामाजिक सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना, महिला कोष, हाफ बिजली बिल योजना, वृक्ष संपदा योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना सहित अन्य योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। शिविर में मौजूद सीईओ जनपद पंचायत पोड़ी-उपरोड़ा श्री मिर्झा ने योजनाओं का लाभ लेने के लिए विभागीय अधिकारी-कर्मचारी से संपर्क करने की अपील की। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए शासन द्वारा 20 लाख रुपए तक की सुविधा के बारे में बताया गया। इसी प्रकार वन विभाग द्वारा 65 प्रकार के लघु वनोपजों की खरीदी के बारे में बताया गया।

## कोरिया की मानस गान प्रतियोगिता में विजेता बनने के लिये तोड़ी मर्यादा:राकेश प्रताप सिंह

- रवि सिंह -
बैकुण्ठपुर,28 फरवरी 2023
(घटती-घटना)।

कई कार्यक्रमों में ऊंच-नीच होती है और वह समझ में आता भी है पर धार्मिक मानस गान प्रतियोगिता में भी ऊंच-नीच हो ना कहीं ना कहीं एक सवालिया निशान खड़ा करता है मामला विगत दिनों का है और प्रथम आने के लिए एक मंडली ने चीटिंग की ऐसा आरोप लगाया जा रहा है इस आरोप में अधिकारी से लेकर कई लोग शामिल हैं यह भी चर्चाओं का विषय बना हुआ है पर सवाल यह है कि क्या जीत के लिए धार्मिक कार्यक्रमों में भी चीटिंग की जरूरत है? जैसे-जैसे इस प्रतियोगिता खत्म होने के बाद दिन बढ़ रहा है वैसे वैसे इस प्रतियोगिता की परत दर परत की सच्चाई अब बाहर आने लगी है खुलकर विरोध होने लगा है आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो चुका है।

इस पर हनुमान सेवा समिति पटना जिला कोरिया की अध्यक्ष राकेश प्रताप सिंह ने कहा की छत्तीसगढ़ वर्तमान छत्तीसगढ़ सरकार विगत 2 वर्षो से ब्लाक स्तर से चयनित मानस मण्डली को जिला स्तर व जिला स्तर से चयन हुए मानस मण्डली को राज्य स्तर पर रामचरित मानस गायन वादन प्रतियोगिता के माध्यम से एक ओर लोक कला, संगीत, गायन वादन क्षेत्र को काफी बढ़ावा देने तथा दूसरी ओर मर्यादा पुरषोत्तम श्री राम के चरित्र को अपने प्रान्त अथवा देश ही नहीं बल्कि अन्य देशों के जन-जन तक पहुंचाने का पहल सचमुच में एक सराहनीय एवं सार्थक योजना है, जिसके लिए छत्तीसगढ़ सरकार कोटि-कोटि बधाई का पात्र है, निश्चित रूप से इस सार्थक पहल का लाभ गांव-गांव की मानस मंण्डलियों को प्राप्त होगा। ऐसे आयोजन में प्रतियोगी मण्डलियां अथवा आयोजनकर्ता को इस बात का ख्याल आवश्य रखना चाहिए कि वे रामचरित मानस का गायन वादन कर रहे हैं अथवा गायन-वादन प्रतियोगिता करा रहे हैं, कार्यक्रम निष्पक्ष, पवित्र, पारदर्शी व भेदभावरहित हो क्योंकि भगवान स्वयं कहे हैं ÷निर्मल मन जन सो मोहि पावा, मोहि कपट छल छिद्र न भावा÷। किन्तु मानस मण्डलियां व आयोजनकर्ता इसके विपरीत



आचरण करने लगे हैं हाल ही में जिला कोरिया में हुए ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता में यह देखने को मिला है कि प्रतियोगिता का परिणाम आने के पश्चात् निर्णायक मण्डल के निर्णय को अप्रत्याशित तरीके से निर्णायक श्री राजेन्द्र सोनी जी पर गलत आरोप लगाते हुए प्रथम स्थान पर चयन हुए मानस मण्डली को हटाकर अन्य स्थान प्राप्त प्रगति मानस मण्डली रनई को प्रथम स्थान पर चयन कर जिला स्तर पर भी पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर उन्हें प्रथम स्थान पर पहुंचाया गया, इस घटना क्रम में प्रगति मानस मण्डली रनई का स्वार्थ व महत्वकांक्षा साफ प्रदर्शित होती है, इसके बावजूद श्री हनुमान सेवा समिति पटना प्रगति मानस मण्डली रनई को हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई ज्ञापित करती है और समिति को खेद है कि प्रगति मानस मण्डली रनई राज्य स्तर पर कोई विशेष स्थान प्राप्त नहीं कर सकी। लेकिन उनके द्वारा निर्णायक श्री राजेन्द्र सोनी जी पर असत्य व बेबुनियाद आरोप लगाकर परिणाम परिवर्तित करने संबंधी घटना का श्री हनुमान सेवा समिति घोर निंदा करती है और उपरोक्त संबंध में प्रतिष्ठित समाचार पत्र में प्रकाशित श्री सोनी जी पर गलत आरोप लगाने संबंधी असत्य समाचार का हनुमान सेवा समिति इस आधार पर खण्डन करती है कि श्री राजेन्द्र सोनी जी राज्यपाल पुरूष्कृत एक ऐसे शिक्षक हैं जिन्होंने शिक्षण कार्य के साथ साथ कई महत्वपूर्ण समाजिक व धार्मिक कार्यक्रम व सार्वजनिक मंच के माध्यम से समाज को बहुत कुछ दिया है और तमाम लोगों के हृदय में निर्विवाद रूप से अपना स्थान बनाया है, इतना ही नहीं बल्कि रामायण गायन वादन के किसी भी प्रतियोगिता में उनकी भूमिका चाहे मंच संचालक अथवा निर्णायक की रही हो वे सदैव मंच का श्रृंगार बनकर मंच की गरिमा को बढ़ाये हैं, निर्णायकी क्षेत्र में उनके निर्णायकी का मापदण्ड, तौर-तरीका, निष्पक्षता, पारदर्शिता का अनुकरण कोरिया जिला के अलावे अन्य जिला के निर्णायक करते हैं और उनसे सीख लेकर स्वयं को धन्य समझते हैं वे औरों के अलावे हमारे भी आदर्श हैं और ऐसे आदर्श का हम यदि सम्मान नहीं कर सकते तो उनका अपमान के बारे में सोचना भी हमें पाप समझना चाहिए और यही शिक्षा हमें रामचरित मानस से मिलता है।

# मिनी रत्न कंपनी के श्रमिक एवं उनके परिवारजन तरस रहे हैं पीने के पानी के लिए

- वहीं श्रमिक हितेषी नेता अधिकारियों की जी हजूरी में हैं लगे हुए
- बैकुंठपुर के नए क्षेत्रीय प्रबंधक व कटकोना सहक्षेत्र प्रबंधक की ऐसी व्यवस्था की उनके श्रमिक पानी के लिए हैं परेशान
- तीन महीने पहले चोरों ने चोरी कर ली पानी की पाइप,तीन महीने बाद भी श्रमिकों के लिए पानी की उचित व्यवस्था नहीं कर पाया प्रबंधन
- चोरों के आतंक ने श्रमिकों के सामने खड़ी कर दी पानी की भीषण समस्या
- एसईसीएल प्रबंधन भी कछुए की चाल में श्रमिकों के लिए पानी की व्यवस्था करने में दिखा रहा तत्परता











- रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर 28 फरवरी 2023
(घटती-घटना)।

एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र के अंतर्गत संचालित कोयला खदान क्षेत्र कटकोना के श्रमिक पिछले 3 महीने से पानी की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं और इस समस्या की वजह इस क्षेत्र का प्रबंधन व इस क्षेत्र में सक्रिय चोर गिरोह है एसईसीएल प्रबंधन की लापरवाही यह है की गोबरी जलाशय से पाइप लाइन के जरिए पानी कटकोना लाकर जल शोधक केंद्र में पानी को शोधित कर दैनिक आवासों में भेजा जाता है 3 महीना पहले मोटर जलने की वजह से कुछ दिन गोबरी जलाशय से पानी की सप्लाई बंद रही और इस बीच चोरों ने कई मीटर कास्टिंग आयरन के पाइप को तोड़कर ले गए जिसके बाद से श्रमिक पानी की समस्या से जूझ रहे हैं पर इस क्षेत्र का प्रबंधन ना तो पाइप बिछ्वा रहा है और ना पानी की उचित व्यवस्था करा रहे हैं, खदान से आने वाला पानी भी उस मात्रा में नहीं है कि श्रमिकों को पर्याप्त मात्रा में दिया जा सके 3-3 दिन के अंतराल में 5 से 10 मिनट आवासों में पानी की सप्लाई की जा रही है जिससे श्रमिको एवम उनके परिजनों को पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। बता दें की एसईसीएल का कटकोना खदान और कालोनी बहुत पुरानी है और यह खदान एसईसीएल को काफी मुनाफा भी पहुंचा चुकी है।

ज्ञात हो कि कटकोना कालरी में रहने वाले श्रमवीरों के लिए जल शोधक केन्द्र बनाया गया है जहां से उन्हें स्वच्छ पानी मिल सके पर यहां स्थिति कुछ उल्टी ही दिख रही है। श्रमवीरों को पानी आपूर्ती के लिए दो विकल्प बने हुए हैं एक विकल्प फेल होता है तो दूसरे विकल्प के तहत पानी लोगों को मिल सके। इसलिए जलशोधक केन्द्र में दो जगह खदान व गोबरी जलाशय का पानी आता है जिसके लिए अलग अलग टंकी बनाई गई है गोबरी का पानी बरसात के कारण मटमैला हो गया है और खदान का पानी कोयले के कारण काला पानी आता है जिसे फिल्टर प्लांट में शोधकर पीने योग्य बनाकर कालोनियों में सप्लाई की जानी होती है। पर इन दिनों बिना गोबरी से पानी नहीं आ रहा है क्योंकि चोरो ने पानी का सैकड़ो मीटर पाईप चुरा लिया जिसे कारण पानी की विशाल समस्या खाड़ी हो गई।

## गोबरी जलाशय से पानी लेने के लिए एसईसीएल है एक बहुत बड़ी रॉयल्टी या कहे तो कर देता है

एसईसीएल पिछले कई 5 दशकों से 12 महीने गोबरी जलाशय से अपने श्रमिक आवासों में पानी आपूर्ति के लिए जल संसाधन विभाग को एक बहुत बड़ी रॉयल्टी देती है जो लाखों में है जानकारी के अनुसार सिर्फ पेयजल पानी के लिए एसईसीएल लगभग 15 से 20 लाख प्रति वर्ष जल संसाधन विभाग को देती है ताकि उनके श्रमिकों को पानी की दिक्कत ना हो पर इस समय उनके श्रमिक ही पानी की बहुत बड़ी दिक्कत से जूझ रहे, जिसमें लापरवाही भी प्रबंधन की है जब भी गोबरी में लगा मोटर खराब होता है तो उसे तत्काल बना लेना चाहिए पर इन्होंने लापरवाही बरते हुए उस मोटर को बनाने में इतने दिन लगा दिए कि चोरों को पाइप चुराने का मौका मिल गया और चोरों ने पाइप की चोरी कर ली, अब एसईसीएल को पाइप चोरी होने का नया बहाना मिल गया है पर समस्या तो श्रमिक आवासों में पानी ना पहुंचने की हो गई है।

## टेंडर में भी देरी

3 महीने से अधिक हो चुके हैं और एसईसीएल पानी पाइप बिछाने के लिए नया टेंडर निकाल नहीं पाई है, सिर्फ यह बात आ रही है कि गोबरी से कटकोना तक नया पाइपलाइन बिछा जाएग जो अंडर ग्राउंड होगा पर यह पाइप लाइन कब बिछाई की और पानी की समस्या कब दूर होगी इसका पता नहीं पर बिना गोवरी जलाशय से पानी लिए प्रबंधन को पानी का कर जल संसाधन विभाग को देना होगा फिर भी एसईसीएल विभाग बिल्कुल भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा कछुए की चाल में इनकी टेंडर प्रक्रिया चल रही है अब इनके टेंडर होते और पाइपलाइन बिछड़े तक कई महीने बीत जाएंगे क्या तब तक श्रमिक पानी की समस्या से जूझते रहेंगे यह एक बड़ा सवाल है?

## फिल्टर प्लांट देखने में चकाचक पर वास्तविकता कुछ और

गोबरी जलाशय व खदान से पानी दो अलग-अलग टैंको में आता है फिर वहां से दूसरे टंकी में भेजा जाता है जहां उस पानी में ऐलम व बिलिचिंग पावडर डालकर साफ किया जाता है उसके बाद उस पानी को फिल्टर प्लांट में भेजा जाता है वहां से पानी को फिल्टर कर कालोनियों में भेजा जाता है पर फिल्टर प्लांट के अन्दर पानी को फिल्टर करने के लिए जो बालू व पत्थर डाला जाता है जो काफी पुराना हो चुका है जिसे हर दो साल में बदला जाना चाहिए ताकि पानी अच्छे से फिल्टर हो सके। काफी समय से इसे बदला नहीं गया है जिस वजह से पानी अच्छी तरह शोध नहीं होता और विभाग फिल्टर प्लांट को रंग पेंट कर चमकाकर रखते हैं और मेन्टेनेंस के नाम पर बिल लगाकर पैसे निकाल लेते हैं। वहीं चमकते फिल्टर प्लांट को देखकर लोगों को गुमराह किया जा रहा है।

## अधिकारी भी नहीं दे रहे जल समस्या को लेकर ध्यान

कटकोना कालरी क्षेत्र के अधिकारी भी कालोनी में जल की व्यवस्था को लेकर गंभीर नहीं हैं। सह क्षेत्र के अधिकारी साथ ही क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारी जल समस्या से अवगत हैं लेकिन वह समाधान को लेकर कोई प्रयास नहीं कर रहें हैं और कालोनी वासी श्रमिक अब पानी के लिए परेशान हो रहें हैं।

## श्रमिक नेता भी श्रमिको की समस्याओं पर नहीं दे रहें हैं ध्यान

क्षेत्र के श्रमिक नेता अधिकारियों की जी हुजूरी में लगे हुए हैं और उनकी तरफ से भी पानी की समस्या दूर करने के लिए कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। श्रमिको के अनुसार श्रमिक नेता श्रमिको की समस्याओं से वास्ता ही नहीं रखना चाहते वह केवल अधिकारियों की जी हुजूरी में ही व्यस्त हैं।

## चोर भी एसईसीएल कर्मियों के लिए खड़ी कर रहें हैं मुसीबत,कॉस्ट आयरन पाइप भी काट ले जा रहें हैं चोर

एसईसीएल क्षेत्र में कानून व्यवस्था की स्थिति भी दयनीय है, एक तरफ कोयला चोरों से प्रबंधन को लाखो का नुकसान हो रहा है वहीं चोर लोहा भी चोरी कर रहें हैं और कास्ट आयरन पाइप भी काट ले जा रहें हैं और इसीलिए पानी की किल्लत कालोनी में हो रही है। एसईसीएल की अपनी सुरक्षा भी एस ई सी एल नहीं कर पा रहा है और न ही उसको पुलिस का ही सहयोग मिल रहा है।

## घटिया प्रकार के ऐलम का उपयोग

फिल्टर प्लांट में पानी को साफ करने के लिए जो ऐलम डाला जाता है वह घटिया स्तर का होता है जिसका कलर देखकर यह अंदाज लगाया जा सकता है कि यह घटिया स्तर है अच्छे प्रकार का ऐलम का कलर पीला होता है पर यहां जो ऐलम आ रहा है व भूरे कलर का है एक ऐलम के चट्टे का भार 25 किलो होता है जो एक सिप्ट में नियम के अनुसार 25-25 किलो का दो चट्टा डाला जाता है जिससे पानी की गंदगी अच्छी तरह से निचे बैठ जाती है पर यहां एक सिप्ट में घटिया स्तर का चार चट्टा ऐलम का डाला जा रहा है इसके बावजूद पानी साफ नहीं हो रहा है और घटिया स्तर के ऐलम को ज्यादा मात्रा में डालने की वजह से लोगों को कई बिमारियों का खतरा बना हुआ है। अधिक मात्रा में ऐलम डालने से त्वचा रोग व बाल झड़ने जैसी बिमारियां सामने आ रही है। यहां के पानी से लोगों के बाल झड़ने की बात काफी पुरानी हो चुकी है क्षेत्र के आबादी के 10 प्रतिषत लोग गंजेपन का षिकार होते देखे जा रहे हैं।

## पानी टंकी में नहाते है बंदर

फिल्टर प्लांट के पानी टंकी में आजतक जाली नहीं लग पाई जाली न लगने की वजह से बंदर टंकी में कूदकूद कर नहाते हैं व उसी में ही मल मूत्र कर देते हैं और उसी गंदे पानी को श्रमवीरों के क्वार्टरों में सप्लाई की जाती है। अधिकारी तो अपने घर में आरो व एक्वागार्ड लगाकर रखे हैं पर श्रमवीर को गंदा पानी सप्लाई किया जा रहा है।

## बिमारी का खतरा बढ़ा

गंदे पानी को पीने से टाई फाइड, पीलीया, दस्त जैसी बिमारियां से लोग परेषान हो रहे हैं। जिसका सबसे बड़ा कारण यह गंदा पानी है डाक्टरों का भी मानना है कि गंदा पानी पीना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है जबकि हमने कटकोना चिकित्सालय से जब टाई फाइड जैसी बिमारी का आंकड़ा निकाला तो वह आंकड़ा सात महिने में 200 के पार दिखा स्थानीय डॉक्टर टी एक्का भी इस आंकड़े को इस जगह के अनुसार गंभीर मान रहे हैं।

# विनायका हेल्थ केयर के निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 90 ग्रामीणों का किया गया स्वास्थ्य परिक्षण

- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर,28 फरवरी 2023
(घटती-घटना)।



ग्राम पंचायत कटोरा में विनायका हेल्थ केयर के संचालक डॉ. रितेश कुशवाहा क्लीनीक के संचालक डॉ. सास्वती संतरा एवं लक्ष्मी डेंटल क्लीनीक एंड डाइग्नोसिस सेंटर के संचालक डॉ. शिवानी अग्रवाल व सृजन असवाल के तत्वाधान में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 90 से भी अधिक ग्रामीणों का स्वास्थ्य परिक्षण एवं दवा वितरण किया गया। शिविर में पहुंचे ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच एवं आवश्यक उपचार डॉ. रितेश कुशवाध व डॉ. सास्वती संतरा एवं डॉ. शिवानी अग्रवाल द्वारा सर्दी, खांसी, बुखार, मौसमी बीमारी के अलावा अस्थमा, गठिया, शुगर, ब्लड प्रेसर, पथरी, चर्म रोग, पाइल्स महिलाओं से सम्बंधित रोगों का एवं पायरिया, दांत में सड़न, ममुडो में सुजन मुख संबंधित विमारियों भ का उपचार किया गया और ग्रामीणों को सामान्य एवं गंभीर बीमारीयों से बचने व समय पर उपचार कराने की सलाह दी गई साथ ही नशा न करने की विशेष सलाह दी गई, शिविर को सफल बनाने में सरपंच श्रीमती नंदनी सिंह, विनोद शर्मा, बिन्दु प्रजापति नारायण राजबाड़े, दिपक, सुमन आदि शामिल रहे।

# गौवंश की हत्या से नाराज हिंदु समाज के लोगो ने रैली धरना प्रदर्शन कर पुलिस प्रशासन से आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की

- संवाददाता -
कुसमी,28 फरवरी 2023
(घटती-घटना)।





विकासखण्ड कुसमी के चांदो क्षेत्र में 27 फरवरी 2023 को मगाजी ग्राम के जलबोथा से गौवंश की हत्या का मामला सामने आने के बाद मामले में हिंदु समाज के लोगो ने आज मंगलवार को कड़ी नाराजगी जताते हुये चांदो ग्राम में रैली व धरना प्रदर्शन कर पुलिस प्रशासन से आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की है,वही धरना प्रदर्शन के दौरान मौके पर पहुँचे एसडीओपी डी.के. सिंह ने हिन्दु समाज के लोगो से चर्चा कर उन्हें भरोसा दिलाया कि मामले में पुलिस गौवंश की हत्या और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुचाने वाले आरोपियों पर कड़ी कार्यवाही करेगी, एसडीओपी के इन बातों को मानकर हिंदु समाज के लोगो ने धरना प्रदर्शन समाप्त कर पुलिस से एक हफ्ते के भीतर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही के साथ धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुचाने की धारा जोड़ने की मांग करी है,गौरतलब है कि हिंदु समाज सनातन धर्म संस्कृति को मानते है और इस संस्कृति में गौवंश को भगवान माना गया है और इनकी पुजा अर्चना भी हिंदु समाज के लोग गौवंश की करते है,बहरहाल सभी समाज के लोगो के बीच अमन व शांति कायम रह सके इसे लेकर पुलिस और स्थानीय प्रशासन को मिलकर ऐसे मामले में काम करना चाहिये ताकि क्षेत्र में किसी भी समाज के लोगो की धार्मिक भावनाओं को कोई ठेस न पहुचा सके, धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य अंकुश सिंह,विकास मंडल,अखिलेश यादव, संतोष यादव, नवीन यादव सहित काफी संख्या में हिंदु समाज के लोग शामिल रहे।

# छत्तीसगढ़ प्रान्त के चारों दिशाओं से निकली हिन्दू स्वाभिमान जागरण एवं सामाजिक समरसता की पद यात्रा मंगलवार को मनेन्द्रगढ़ पहुंची

- छत्तीसगढ़ प्रान्त के चारों दिशाओं से निकली हिन्दू स्वाभिमान जागरण एवं सामाजिक समरसता की पद यात्रा मंगलवार को मनेन्द्रगढ़ पहुंची





- संवाददाता -
मनेन्द्रगढ़ 28 फरवरी 2023
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ प्रान्त के चारों दिशाओं से हिन्दू स्वाभिमान जागरण एवं सामाजिक समरसता हेतु पूज्य संत समाज चार पवित्र स्थानों से निकाली गई पद यात्रा मंगलवार को मनेन्द्रगढ़ पहुंची, गिरिकंदराओं, वनों, ग्रामों, झुग्गी बस्तियों एवं नगरों में निवास करने वाले हिन्दू समाज बन्धुओं के बीच संगत (सतसंग) और पंगत को माध्यम बनाकर, एकात्म-एकरस संगठित हिन्दू समाज का प्रकटीकरण कर, हिन्दूभाव (स्वाभिमान) जागरण के उद्देश्य से निकाली गई यात्रा का लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया, नियत समय पर यात्रा मंगलवार को मनेन्द्रगढ़ पहुंची. जात-पात, यात्रा में शामिल संतो ने बताया कि भाषा-पंथ, क्षेत्र एवं राजनैतिक भेद-भावों से ऊपर उठकर राष्ट्र निर्माण में संत अपनी अग्रणी भूमिका निभायेगे। छत्तीसगढ़ के चारों दिशाओं से चार पद यात्रायें समाज में सद्भाव, समरसता, धार्मिक दृढ़ता का भाव जगाने के भाव से लगभग 2500 कि.मी. की दूरी तय करते हुए 19 मार्च 2023 को रायपुर पहुँचेगी. सर्व समाज के बीच स्वयं पहुँचकर एकात्म भाव जागरण का संतों द्वारा यह प्रथम और अद्भुत प्रयास है। आयोजकों ने कहा कि हम सब भी कहीं न कहीं किसी रूप में इस पुनीत कार्य में सहभागी बनकर हिन्दू जागरण के ऐतिहासिक कार्यक्रम को सफल बनावें।

इसी तारतम्य में यह संत पद यात्रा का मनेन्द्रगढ़ पहुंची है, मंगलवार को अपरान्ह 2.00 बजे यात्रा मनेन्द्रगढ़ पहुंची, एलआईसी कार्यालय के समीप भारतीय वेषभूषा में भगवा ध्वज एवं ढोल नगाड़े के साथ यात्रा का स्वागत सनातन धर्मावलंबियों ने किया. यात्रा का स्वागत करने के बाद आगे बढ़ते हुए श्री हनुमान टेकरी मंदिर में मातृशक्ति द्वारा यात्रा का स्वागत एवं पूजन किया गया। इसके उपरांत यात्रा पी डब्लू डी तिराहा से होते हुए आमाखेरवा मार्ग, बिजली ऑफिस, बदनसिंह मोहल्ला, पुरानी बस्ती, सांई तिराहा, विवेकानन्द चौक, पुराना नगर पालिका कार्यालय, गांधी चौक, फौव्वारा चौक, डॉ. करन, सेन्ट्रल बैंक, जैन मंदिर चौक होते हुए श्रीराम मंदिर मैदान में पहुंची, यहाँ भजन, कीर्तन एवं सतसंग का आयोजन किया गया, यात्रा का रात्रि विश्राम मनेन्द्रगढ़ में होगा. आज बुधवार को प्रातः 10 बजे यात्रा चिरमिरी के लिए प्रस्थान करेगी।

# भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव का जिला मुख्यालय आने से पूर्व घुट्टरीटोला में किया गया भव्य स्वागत

- संवाददाता -
मनेन्द्रगढ़,28 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

भारतीय जनता पार्टी संगठन प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ आने से पूर्व घुट्टरीटोला में भव्य स्वागत किया गया, इस कार्यक्रम में जिला-एम.सी.बी. अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष अंकुर जैन , महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष अंजू उर्मलिया, पी मनी, देव नारायण सिंह , हसदेव मंडल कोषाध्यक्ष जितेंद्र प्रताप , हसदेव मंडल महामंत्री संतोष गुप्ता, उपाध्यक्ष सौरव गुप्ता, मनीष सिंह जी, चिरमिरी मंडल अध्यक्ष रघुनंदन यादव, युवा मोर्चा से जितेंद्र यादव, अलिक सिंह (गाँधी), अनीश सिंह मिक्कू, कैलाश सोनी, ओंकार, विवेक रावत, पिछड़ा वर्ग मोर्चा से जिला मंत्री रमेश यादव, अनुसूचित जाति मोर्चा से राम रतन चौधरी, महिला मोर्चा से जिला मीडिया प्रभारी मीनू पटेल, पूर्व जिला मंत्री अनीता देवी, मौसमी राय, साधना केवट, रूबी आचार्य, नगर पंचायत खोंगापानी पार्षद मीरा यादव प्रमुख रूप से मौजूद रहे।





# इंदौर टेस्ट में केएल राहुल की जगह लेंगे शुभमन गिल!

**इंदौर , 28 फरवरी 2023।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 1 मार्च से इंदौर में तीसरा टेस्ट मैच खेला जाना है। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत खेले जा रहे चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला में भारत 2-0 से आगे है। हालांकि, बड़ा सवाल यही है कि क्या भारत अपने प्लेइंग इलेवन में बदलाव करेगा या फिर पुराने प्लेइंग इलेवन के साथ ही उतरेगा? सूत्रों से मिल रही खबर के मुताबिक खराब फॉर्म में चल रहे केएल राहुल की जगह शुभमन गिल को खिलाया जा सकता है। देखा जाए तो शुभमन गिल शानदार फॉर्म में हैं। वह टेस्ट में टीम इंडिया के लिए आगाज भी कर चुके हैं। ऐसे में उनके खेलने की संभावनाएं ज्यादा बनती दिखाई दे रही है। दोनों ही मुकाबलों में केएल राहुल का बल्ला खामोश रहा है।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टेस्ट इंदौर के होल्कर क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। खेल सुबह 9.30 बजे शुरू होगा। हालांकि, भारत के गेंदबाजी एक्शन में बहुत ज्यादा बदलाव संभव नहीं लग रहा है। तेज गेंदबाजी की जिम्मेदारी है मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज के रहने वाली है। इसके अलावा पिछले दोनों ही टेस्ट में शानदार प्रदर्शन करने वाले आर अश्विन और रवींद्र जडेजा इंदौर टेस्ट में भी भारत की ओर से खेलते दिखाई देंगे। हालांकि, अक्षर पटेल ने भले ही ज्यादा विकेट ना चटकाए हैं, लेकिन अहम मौके पर उनके बल्ले से रन निकले हैं और फिलहाल वह श्रृंखला में रन बनाने के मामले में दूसरे नंबर पर हैं।

जब टीम इंडिया होल्कर मैदान पर उतरेगी तो उसकी कोशिश घरेलू सरजमीं पर लगातार 16वीं श्रृंखला में जीत के साथ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में अपनी जगह पूरी तरह से पक्की करने की होगी। राहुल अब उप-कप्तान नहीं हैं, लेकिन टीम प्रबंधन ने उन पर जबरदस्त विश्वास दिखाया है और ऐसे में उन्हें लय हासिल करने का एक और मौका मिल सकता है। स्पिनरों के दबदबे वाली श्रृंखला में अब तक इकलौता शतक रोहित शर्मा के बल्ले से निकला है। अगर भारतीय टीम को पहले दिन बल्लेबाजी करने का मौका मिलता है, तो उनके अलावा चेतेश्वर पुजारा और विराट कोहली जैसे दिग्गजों के पास रनों का पहाड़ खड़ा करने का मौका होगा।

भारत की क्चद्ध4द्वठ्ठद्द ङ्घद्ध- शुभमन गिल, रोहित शर्मा, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएस भरत (2द्म), रवींद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, मोहम्मद शमी, कुलदीप यादव/अक्षर पटेल, मोहम्मद सिराज

# डब्ल्यूपीएल : मूनी बनीं गुजरात जायंट्स की कप्तान

**नयी दिल्ली , 28 फरवरी 2023।** विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की फ्रेंचाइजी गुजरात जायंट्स ने टूर्नामेंट के पहले सत्र के लिये ऑस्ट्रेलिया की सलामी बल्लेबाज बेथ मूनी को टीम की कमान सौंपी है। जायंट्स ने जारी विज्ञप्ति में इसकी पुष्टि की। भारतीय हरफनमौला स्नेह राणा को उपकप्तान नियुक्त किया गया है।

मूनी ने नयी जिम्मेदारी मिलने पर कहा, मैं ऐतिहासिक विमेंस प्रीमियर लीग के उद्घाटन सत्र में गुजरात जायंट्स की कप्तानी करने का अवसर पाकर बेहद खुश हूं। हमारी टीम मैदान पर उतरने और दमदार क्रिकेट खेलने के लिये उत्सुक है और उम्मीद है कि हम ट्रॉफी जीत सकेंगे। गुजरात जाइंट्स कप्तान की घोषणा करने वाली तीसरी फ्रेंचाइजी है। इससे पहले रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) भारतीय सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना को नामित कर चुकी है, जबकि यूपी वारियर्स ने ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर-बल्लेबाज एलिसा हीली को अपने संबंधित कप्तान के रूप में नियुक्त किया है। मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स ने अभी तक अपने कप्तानों की घोषणा नहीं की है। महिला प्रीमियर लीग का आयोजन चार से 26 मार्च तक मुंबई में होना है। गुजरात जाइंट्स लीग के पहले दिन अपना पहला मैच शनिवार को मुंबई इंडियंस से खेलेगी।

जायंट्स स्क्वाड ़ बेथ मूनी (कप्तान), स्नेह राणा (उपकप्तान), एशले गार्डनर, सोफिया डंकली, एनाबेल सदरलैंड, हरलीन देओल, डिआंड्रा डॉटिन, सबभिनेनी मेघना, जॉर्जिया वेयरहम, मानसी जोशी, दयालन हेमलता, मोनिका पटेल, तनुजा कंवर, सुषमा वर्मा, हर्ले गाला, अश्विनी कुमारी, परुणिका सिसोदिया, शबमन शकील।

# मयंक करेंगे शेष भारत की कप्तानी

**मुंबई , 28 फरवरी 2023।** कर्नाटक के सलामी बल्लेबाज और कप्तान मयंक अग्रवाल एक मार्च से होने वाले ईरानी कप मैच में शेष भारत की कमान संभालेंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने सोमवार को इसकी घोषणा की।

शेष भारत टीम ग्वालियर के रूप सिंह स्टेडियम पर रणजी ट्रॉफी 2021-22 चैंपियन मध्य प्रदेश का सामना करेगी। यह मुकाबला पहले इंदौर में होने वाला था लेकिन भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टेस्ट इंदौर स्थानांतरित होने के कारण ईरानी कप को ग्वालियर ले जाना पड़ा।

शाह ने बताया कि सरफराज खान अपनी बायीं छोटी उंगली में हेयरलाइन फ्रैक्चर के कारण चयन के लिये उपलब्ध नहीं थे। अखिल भारतीय चयन समिति ने उनके प्रतिस्थापन के रूप में बाबा इंद्रजीत को स्क्वाड में शामिल किया है।

मयंक हाल ही में समाप्त हुई रणजी ट्रॉफी में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। उनके साथ अभिमन्यू ईश्वरन पारी की शुरुआत करेंगे। दोनों ही खिलाड़ी भारतीय टेस्ट टीम में



अपनी जगह बनाने की कोशिश कर रहे हैं। मयंक ने भारत के लिये अपना आखिरी मुकाबला पिछले साल जून में श्रीलंका के खिलाफ खेला था। ईश्वरन को दिसंबर 2022 में बंगलादेश के विरुद्ध हुई टेस्ट सीरीज के लिये 15-सदस्यीय स्क्वाड में शामिल किया गया था, हालांकि उन्हें एकादश में मौका नहीं मिल सका था।

सुदीप कुमार घरामी, यशस्वी जायसवाल, बाबा इंद्रजीत और यश ढुल शेष भारत के शीर्ष क्रम को मजबूती प्रदान करेंगे। इस साल रणजी खिताब जीतने वाली सौराष्ट्र टीम से सिर्फ विकेटकीपर-सलामी बल्लेबाज हार्विक देसाई और वामहस्त तेज गेंदबाज चेतन सकारिया को शेष भारत में जगह दी गयी है। सौराष्ट्र के कप्तान जयदेव उनाडकट ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध जारी टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम का हिस्सा हैं, इसलिये उन्हें शेष भारत में जगह नहीं दी गयी।

शेष भारत टीम ़ मयंक अग्रवाल (कप्तान), अभिमन्यु ईश्वरन, यशस्वी जायसवाल, यश ढुल, बाबा इंद्रजीत, उपेंद्र यादव (विकेटकीपर), अतीत सेठ, सौरभ कुमार, हार्विक देसाई, नवदीप सैनी, मुकेश कुमार, चेतन सकारिया, आकाश दीप, मयंक मारकंडे , पुलकित नारंग, सुदीप कुमार घरामी।

# डॉक्टरों,मरीजों ने खेला दोस्ताना मैच

**नयी दिल्ली , 28 फरवरी 2023।** भारत के सबसे बड़े डायलिसिस नेटवर्क नेफ्रोप्लस ने दुनिया के एकमात्र 'डायलिसिस ओलंपियाड 2023' की दिशा में एक कदम बढ़ाते हुए डायलिसिस के मरीजों और उनके डॉक्टरों के बीच एक दोस्ताना क्रिकेट मैच का आयोजन किया।

मुख्य आयोजन से पहले शहीद भगत सिंह कॉलेज में हुए इस दोस्ताना मैच का लक्ष्य डायलिसिस के मरीजों को सामान्य जीवन जीने के लिये प्रोत्साहित करना था।

विश्व किडनी दिवस पर देशभर में डायलिसिस के मरीजों का उत्साह बढ़ाने के लिये सभी प्रतिभागियों ने नेफ्रोप्लस के प्रमुख कार्यक्रम डायलिसिस ओलंपियाड 2023 के चौथे सीजन का स्वागत किया।


देशभर से डायलिसिस के मरीज पांच मार्च को होने वाले ओलंपियाड में भाग ले सकते हैं और नामांकन करवा कर साइकिलिंग, वॉकाथन, बैडमिंटन, कैरम, टेबल टेनिस, म्युजिकल चेयर्स एवं गिल्ली-डंडा जैसे खेलों में अपनी प्रतिभा दिखा सकते हैं। इस शानदार आयोजन में हर गतिविधि के विजेताओं को स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक मिलेंगे। खेल गांव में होने वाले ओलंपियाड के लिये नेफ्रोप्लस डॉट कॉम पर जाकर नामांकन किया जा सकता है।

# लियोनेल मेस्सी ने जीता खास खिताब

### एम्बाप्पे को मात देकर हासिल किया फीफा का अवॉर्ड

**अर्जेंटीना , 28 फरवरी 2023।** अर्जेंटीना के महान फुटबॉलर और स्टार प्लेयर लियोनेल मेस्सी फीफा के सर्वश्रेष्ठ प्लेयर चुने गए है। ये दूसरा मौका है जब उन्हें इस खिताब से नवाजा गया है। कतर विश्व कप 2022 जीतने के बाद लियोनेल मेस्सी को ये खिताब मिला है। लियोनेल मेस्सी ने पुरुष वर्ग में फीफा के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब हासिल किया है।

वहीं महिला वर्ग में ये खिताब अलेक्सिया पुटेलस को मिला है जो कि स्पेन की है। पुटेलस ने वर्ष 2022 में बैलेन डी ओर खिताब अपने नाम किया था, जिसके बाद उन्हें फीफा की तरफ से भी सम्मानित किया गया है।




मेसी ने किया फैंस का शुक्रिया

इस अवॉर्ड को जीतने के बाद सोशल मीडिया के जरिए उन्होंने अपने फैंस, परिवार और टीम को भी शुक्रिया अदा किया है। मेसी ने अवार्ड के साथ तस्वीर शेयर करते हुए लिखा कि उन सभी को धन्यवाद जिन्होंने मेरे लिए ये पुरस्कार जीतना संभव बनाया है। अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन के सदस्यों, परिवार, दोस्तों और अर्जेंटीना के 45 मिलियन लोगों के सहयोग से ही ये अवॉर्ड मिला है। फीफा के द बेस्ट सभी विजेताओं को भी शुभकामनाएं। उन्होंने लियो स्कैलोनी और एमी मार्टिनेज को भी शुभकामनाएं दी है। बता दें कि लियोनेल मेसी ने दूसरी बार इस अवॉर्ड को हासिल किया है।

बता दें कि मेस्सी की कप्तानी में अर्जेंटीना की टीम ने बीते साल ही फीफा विश्व कप 2022 का खिताब हासिल किया था। अर्जेंटीना ने रोमांचक फाइनल मुकाबले में फ्रांस की टीम को मात दी थी। मेस्सी की टीम ने किलियन एम्बाप्पे और करीम बेंजा जैसे खिलाड़ियों को मात देने में सफलता हासिल की थी।

अर्जेंटीना के महान खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी के अलावा क्रिस्टियानो रोनाल्डो को भी दो बार ये अवॉर्ड मिल चुका है। रॉबर्ट लेवांडोस्की और लुका मॉड्रिक को भी एक बार ये खिताब मिल चुका है।



# अक्षय ओबेरॉय लाल रंग 2 पर काम शुरू करने के लिए इंतजार नहीं कर सकते

अभिनेता अक्षय ओबेरॉय, जो लाल रंग के आगामी सीक्वल में अपने किरदार को फिर से निभाने के लिए तैयार हैं, इस बात से काफी उत्साहित हैं कि फिल्म एक और अध्याय के साथ वापसी की तैयारी कर रही है। उन्होंने साझा किया कि वह सेट पर जाने और अपने सह-अभिनेता रणदीप हुड्डा और फिल्म के निर्देशक के साथ फिर से काम करने का इंतजार नहीं कर सकते।

अक्षय ने पहले भाग में राजेश का किरदार निभाया था। वह 2016 की फिल्म में रणदीप हुड्डा द्वारा निभाए गए शंकर के साथी थे। वह दोनों फिल्म में ब्लड माफिया का हिस्सा थे।

अक्षय ने कहा, बहुत अच्छा लगता है जब पसंदीदा फिल्म दूसरे अध्याय के लिए वापस आती है। फिल्म को अपनी पहली रिलीज के दौरान बहुत प्रशंसा मिली और मुझे यकीन है कि टीम एक साथ मिलकर एक और अधिक आशाजनक फिल्म लेकर आएगी।

लाल रंग, जो डार्क सोशल ड्रामा है, हरियाणा में सेट किया गया था और अवैध रक्त व्यापार के कारोबार के इर्द-गिर्द घूमता था। सीक्वल की शूटिंग जल्द शुरू होगी। उन्होंने आगे कहा, मैं फिर से पूरी कास्ट और टीम के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं, रणदीप और हमारे निर्देशक अफजल के साथ फिर से काम कर रहा हूं। ऐसा अक्सर नहीं होता है, हमें भारत में गहन क्राइम ड्रामा के साथ मिश्रित कॉमेडी की शैली देखने को मिलती है, इसलिए इस स्पेस में नए नए आख्यान के साथ वापस आना रोमांचक है।इसके अलावा अक्षय फाइटर में नजर आएंगे, जिसमें वह एयरफोर्स पायलट की भूमिका में हैं। फिल्म में ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण को भारतीय वायु सेना के पायलट के रूप में दिखाया जाएगा, और यह 25 जनवरी, 2024 को रिलीज होने के लिए तैयार है।

# रकुल प्रीत के ग्लैमरस लुक को देखकर नजरें हटा पाना होगा मुश्किल,एक्ट्रेस हर आउटफिट में ढाती हैं कहर

अभिनेत्री रकुल प्रित सिंह ने हाल ही में ब्लैक कलर की शॉर्ट ड्रेस में ग्लैमरस तस्वीरें शेयर की हैं जिसमें उनका लुक भी फैंस को काफी पसंद आ रहा है। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करती हैं तो वो हमेशा चर्चाओं का विषय बन जाती हैं। हालांकि इन तस्वीरों में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह आए दिन अपनी हॉट और ग्लैमरस तस्वीरों के कारण सुर्खियों में बनी रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में सोशल मीडिया पर वायरल होने लगती हैं। हाल ही में रकुल ने अपनी लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान की तस्वीरें शेयर कर एक बार फिर से इंटरनेट पर धमाल मचा दिया है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस ब्लैक कलर का डीप नेक शॉर्ट ड्रेस पहना हुआ है जिसमें वो बेहद ही गॉर्जियस नजर आ रही हैं। वहीं एक्ट्रेस ने अपने इस फोटोशूट को करवाते हुए कई सिजलिंग अंदाज में पोज दिए हैं। उनकी इन हॉट अदाओं को देख कर एक बार फिर से फैंस के दिलों की धड़कने तेज हो गई हैं। एक्ट्रेस अपने इस आउटफिट में अपनी टोंड लेग्स फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं, हालांकि उनकी ड्रेस को भी लोग काफी पसंद कर रहे हैं। बता दें कि रकुल प्रीत सिंह ने अपनी करियर की शुरुआत कन्नड़ फिल्म 'गिल्ली' से करियर की शुरुआत की थी जिसके बाद उन्होंने साल 2014 में फिल्म यारियां से बॉलीवुड इंडस्ट्री में डेब्यू किया था।



# कन्ना विच बालियां सॉन्ग रिलीज



यो यो हनी सिंह ने अपने नए ट्रैक कन्ना विच बालियां के लिए सिंगर होमी दिल्लीवाला और मॉडल व एक्ट्रेस अपर्णा नायर के साथ सहयोग किया है। रैपर ने इस रोमांटिक गाने के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि इसमें चार्टबस्टर बनने की पूरी क्षमता है। यो यो हनी सिंह बेगानी नार, अचको मचको, हाई हील्स, ब्रेक अप पार्टी जैसे हिट गानों के लिए जाने जाते हैं।

हनी सिंह ने कहाः हम आपकी दुनिया में धूम मचाने आ रहे हैं, कन्ना विच बालियां के साथ आगे बढ़ें और थिरकें। मैं अपने म्यूजिक से ऑडियंस को एंटरटेन करना चाहता हूं।मैं जो भी करूं, वह अलग होना चाहिए। मेरा माइंडसेट हिट सिंगल को लेकर नहीं होता है, मैं चाहता हूं, मैं जो भी करुं , वह हटकर होना चाहिए।

होमी ने यह भी कहाः एक अपबीट सॉन्ग है। कन्ना विच वालियान में यो यो हनी सिंह का स्वैग है, यह एक ऐसे साउंडस्केप से जुड़ा हुआ है, जो नए युग की धुन को उजागर करता है। म्यूजिक वीडियो का निर्देशन करने वाले मिहिर गुलाटी ने गाने के पीछे के विचार और इसे क्या खास बनाता है, के बारे में भी बात की। उन्होंने कहाः हमने वीडियो को बहुत बड़े पैमाने पर निर्देशित किया है, यह वेस्टर्न स्टाइल म्यूजिक है। यह प्यार, रोमांस और जुनून को एक एनर्जेटिक बीट के जरिए दर्शाता है। यह गाना मिहिर गुलाटी द्वारा निर्देशित, उदित वत्स द्वारा सह-निर्मित है। इनके अलावा, गौरव ग्रोवर, यो यो हनी सिंह, होमी दिल्लीवाला, लिविया ड्यूमॉन्ट और अपर्णा नायर हैं। कन्ना विच बालियां रिलीज हो चुका है।

# भारतीय पिचों पर डिफेंस पर भरोसा जरूरी : भरत

**इंदौर , 28 फरवरी 2023।** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज श्रीकर भरत ने ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध होने वाले तीसरे टेस्ट से पहले कहा कि भारतीय पिचों पर खेलते हुए किसी भी खिलाड़ी को अपने डिफेंस पर भरोसा करना जरूरी होता है।

भरत ने यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा, रोहित भाई ने मुझसे कहा कि मैं (दिल्ली टेस्ट में) छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने जाऊंगा। मैं ऑस्ट्रेलिया के ऑलआउट होते ही बल्लेबाजी के लिये तैयार हो गया था। एक खिलाड़ी के तौर पर आप कभी नहीं सोच सकते कि आपको बल्लेबाजी का मौका नहीं मिलेगा। सौभाग्य से उस दिन मुझे बल्लेबाजी मिली।

ऑस्ट्रेलिया ने दिल्ली में खेले गये दूसरे टेस्ट में भारत के सामने सिर्फ 115 रन का लक्ष्य रखा था, हालांकि इस लक्ष्य तक पहुंचते हुए भारत ने चार विकेट गंवा दिये। अपना दूसरा टेस्ट खेल रहे भरत ने मौका मिलने पर 22 गेंद पर तीन चौकों और एक छक्के के साथ 23 रन की नाबाद पारी खेली।

उन्होंने कहा, आपके खेलने के रवैये से कोई परेशानी नहीं होती। इन पिचों पर शॉट चयन महत्वपूर्ण होता है। अगर आप सही शॉट खेलेंग तो रन आते रहेंगे। डिफेंस पर भरोसा करना ही सफलता की कुंजी है।

भारत के शीर्ष विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के चोटग्रस्त होने पर भरत को टीम में जगह दी गयी है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध इसी सीरीज में पदार्पण किया है, हालांकि इसके बावजूद कप्तान रोहित शर्मा ने उनपर काफी भरोसा जताया है।

भरत ने रोहित के साथ अपने संबंध पर कहा, मेरी रोहित भाई से बात हुई। उन्होंने कहा कि मैं बल्लेबाज के करीब रहता हूं इसलिये मैं अंपायर समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) के मामले में फैसला ले सकता हूं। उन्होंने कहा है कि मुझे जो भी लगे, मैं उसपर खुलकर अपनी राय रखूं।भरत ने बताया, रोहित भाई ने कहा है कि मुझे इसकी चिंता करने की जरूरत नहीं कि फैसला हमारे पक्ष में जायेगा या नहीं, बस अपने ऊपर भरोसा करके बात आगे रखनी है।भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टेस्ट एक मार्च से यहां होल्कर स्टेडियम पर खेला जायेगा।

# न्यूजीलैंड ने रचा इतिहास, फॉलोऑन खेलकर 1 रन से जीता वेलिंग्टन टेस्ट

**वेलिंग्टन , 28 फरवरी 2023।** टेस्ट क्रिकेट में फॉलोऑन खेलना बड़े शर्म की बात मानी जाती है, लेकिन फॉलोऑन खेलकर मुकाबला जीतना ऐतिहासिक काम होता है। 150 साल के टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में अभी तक चार ही बार ऐसा हुआ है, जब किसी टीम ने फॉलोऑन खेलने के बाद मुकाबला जीता है। न्यूजीलैंड की टीम तीसरी ऐसी टीम है, जिसने फॉलोऑन खेलने के बावजूद टेस्ट मैच में जीत हासिल की है।

दरअसल, न्यूजीलैंड की टीम को अपनी मेजबानी में खेली जा रही दो मैचों की टेस्ट सीरीज के दूसरे मुकाबले में वेलिंग्टन के मैदान पर पहली पारी में 226 रनों से पिछड़ने के बाद फॉलोऑन खेलना पड़ा था। हालांकि, मेजबान टीम ने इसका भरपूर फायदा उठाया, क्योंकि इंग्लैंड के गेंदबाज करीब 54 ओवर गेंदबाजी कर चुके थे। उनके खिलाफ कीवी टीम ने तेजी से रन बनाए।

इस मैच में इंग्लैंड की टीम ने पहली पारी में 8 विकेट खोकर 435 रन पर पारी घोषित की थी। इसके बाद न्यूजीलैंड की टीम 209 रन पर ढेर हो गई, लेकिन तीसरी पारी में और फॉलोऑन खेलते हुए अपनी लगातार दूसरी पारी में न्यूजीलैंड की टीम ने 483 रन बनाए। इस तरह इंग्लैंड के सामने जीत के लिए 258 रनों का लक्ष्य था, जिसके जवाब में इंग्लैंड की टीम 256 रनों पर ढेर हो गई और मैच 1 रन से हार गई। इस तरह दो मैचों की सीरीज 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुई।

फॉलोऑन का सामने करने के बावजूद टेस्ट मैच जीतने वाली न्यूजीलैंड की टीम विश्व की तीसरी टीम है। इससे पहले इंग्लैंड की टीम ने दो बार फॉलोऑन खेलते हुए टेस्ट मैच जीते हैं, जबकि एक बार भारत की टीम ने ऑस्ट्रेलिया को हराया है। इंग्लैंड ने दोनों बार ऑस्ट्रेलिया को हराया था। अब न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड को हरा दिया है। वहीं, इंग्लैंड पहली ऐसी टीम है, जिसने फॉलोऑन खेलते हुए भी जीत हासिल की है और फॉलोऑन देकर मात भी झेली है।















CMYK

# नई गाड़ी खरीदते ही डीलर पॉइंट से हो सकेगा परमिट का आवेदन भी

**» तुंहर सरकार तुंहर द्वार**

**» नये कमर्शियल गाड़ी ख़रीदी करते समय परिवहन कार्यालय और आवेदन के बिना बन जायेगा परमिट**

**» नये कमर्शियल गाड़ी का परमिट बना सकेंगे गाड़ी विक्रेता अधिकृत डीलर**

**रायपुर, 28 फरवरी 2023(ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप परिवहन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में प्रदेश में परिवहन विभाग द्वारा नई सुविधा 'तुंहर सरकार तुंहर द्वार' का कुशलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। इसके तहत परिवहन विभाग द्वारा परिवहन सुविधाओं को लगातार वाहन स्वामी के घर के पास ही उपलब्ध कराया जा रहा है । इसी कड़ी में नये ख़रीदे जाने वाले कमर्शियल गाड़ी के परमिट आवेदन भी अब गाड़ी ख़रीदने समय गाड़ी विक्रेता डीलर के द्वारा किया जा सकेगा। नये गाड़ी के परमिट हेतु आवेदन देने के लिए पृथक से परिवहन कार्यालय आने की ज़रूरत नहीं पड़ेगी ।

ज्ञात हो कि 3000किग्रा और उससे अधिक से सभी कमर्शियल गाड़ियो को परमिट अनिवार्य रूप से लेना रहता है । परमिट बनाने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर परिवहन कार्यालय आना पढ़ता जहाँ से परमिट बना कर निर्धारित प्रारूप सील मोहर लगा कर परमिट जारी किया जाता है ।

## क्यों बनाये परमिट

नई गाड़ी ख़रीदने वाले बहुत से वाहन क्रेता परमिट बनाने के लीगल आवश्यकता की जानकारी नहीं रखते है ।ख़ासतौर से छोटी कमर्शियल गाड़ी ख़रीदने वाले क्रेता के द्वारा केवल पंजीयन की आवश्यकता समझ कर परमिट नहीं बनाया जाता और गाड़ी के पंजीयन को पूर्ण दस्तावेज मान लेते है । परंतु जब गाड़ी कोई दुर्घटना हो जाती है तो परमिट नहीं की दशा में इंश्योरेंस कंपनी द्वारा बीमा राशि नहीं दिया जाता है और गाड़ी मालिक वित्तीय भार परेशान होता है ।




## कितने प्रकार होते है परमिट

मुख्यतः परमिट दो प्रकार के होते है छत्तीसगढ़ राज्य के अंदर गाड़ी चलाने के लिए राज्य परमिट और तीन या उससे अधिक राज्यो गाड़ी चलाने के लिए नेशनल परमिट। दोनों प्रकार के परमिट आवेदन करने की सुविधा डीलर पॉइंट दी जा रही है ।


रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर एसोसिएशन (राडा) के द्वार डीलर पॉइंट में ही परमिट आवेदन हेतु सुविधा देने की माँग पिछले कई वर्षों से की जा रही थी। इस संबंध में ऑटोमोबाइल एसोसिएशन के द्वारा परिवहन मंत्री जी मिलकर माँग किया गया था । जिस पर परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर द्वारा कार्यवाही करने का आस्वासन दिया गया था ।

ज्ञात हो कि परिवहन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर द्वारा 'तुंहर सरकार तुंहर द्वार' के अन्तर्गत आरटीओ के विभिन्न सुविधाओं को वाहन स्वामी के घर के पास प्रदान करने हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा है । परिवहन मंत्री जी की मंशा है कि गाड़ी के कार्य हेतु लोगो को कम से कम परिवहन कार्यालय आना पड़े । इससे लोगो को घर में सुविधा मिलेगी और उनके समय का बचत होगा , साथ ही साथ आरटीओ ऑफिस में भी भीड़ में कमी आयेगी जिससे से परिवहन अमले के कार्य प्रणाली और गुढ़वत्ता में सुधार आएगा ।

परिवहन विभाग द्वारा संचालित 'तुंहर सरकार तुंहर द्वार' योजना लोगों की सुविधा के लिए एक महत्वपूर्ण योजना है। इसमें लोगों को परिवहन संबंधी सेवाएं उनके घर के द्वार पर पहुंचाकर दी जा रही है। जन केन्द्रित इस सुविधा के अंतर्गत लोगों को अब बार-बार परिवहन विभाग का चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है। इससे आवेदकों के धन तथा समय दोनों की ही बचत हो रही है।

## मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर दी शुभकामनाएं

**रायपुर, 28 फरवरी 2023(ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर बधाई और शुभकामनाएं दी है। श्री बघेल ने राष्ट्रीय



विज्ञान दिवस की पूर्व संध्या पर जारी अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि भारतीय वैज्ञानिक सर चंद्रशेखर वेंकट रमन ने रमन प्रभाव की घोषणा की थी, जिसके लिए उन्हें नोबल पुरस्कार से नवाजा गया था। उनके सम्मान में पूरे देश में विज्ञान के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिए विज्ञान दिवस मनाया जाता है। हमारे देश ने विज्ञान के क्षेत्र में बहुत प्रगति की है और पूरे विश्व में अपनी पहचान बनाई है, जिस पर पूरे देश को गर्व है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि समाज में बिखरी अंधविश्वास की जड़ों को हटाने के लिए परिष्कृत सोच और वैज्ञानिक दृष्टिकोण उत्पन्न करना बहुत जरूरी है। विज्ञान हमें विश्लेषात्मक सोच के साथ जीवन स्तर में सुधार और तरक्की की ओर ले जाता है।

# मोर आवास मोर अधिकार को लेकर प्रदेश भर में भाजपा का प्रदर्शन

### पीसीसी चीफ मरकाम के निवास का किया घेराव, कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच हुई धक्का-मुक्की

**रायपुर, 28 फरवरी 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ में साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने वाला है। चुनाव को लेकर राजनीतिक पार्टियां तैयारी में हैं। वहीं भाजपा जनता की मुद्दों को लेकर लड़ाई लड़ रही है। भाजपा किसी भी मुद्दे को छोड़ नहीं रही है हर एक मुद्दे पर सरकार को घेरने में लगी हुई है। मोर आवास मोर अधिकार अभियान को लेकर प्रदेश भर में भाजपा लगातार प्रदर्शन कर रही है। वहीं आज भाजपा ने अलग-अलग जिलों में रैली निकालकर प्रदर्शन किया।

### मोहन मरकाम के निवास का किया घेराव

भाजपा प्रदेश महामंत्री ओपी चौधरी, पूर्व मंत्री लता उसेंडी ओर विधानसभा प्रभारी संजय पांडे के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ विशाल रैली निकालकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम के निवास का घेराव किया। विधायक निवास घेराव को लेकर पुलिस बल और चारों ओर से बैरिकेडिंग किया गया था। बावजूद इसके भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बैरिकेड तोड़कर विधायक निवास में घुसने का प्रयास किया। इस दौरान भाजपाइयों और पुलिस जवानों के बीच धक्का-मुक्की हुई।



ओपी चौधरी ने कहा, गरीबों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 60 प्रतिशत की केंद्र सरकार के द्वारा राशि भेजी गई है लेकिन छत्तीसगढ़ के मुखिया भूपेश बघेल अपनी हिस्से की राशि नहीं दे रही है। जिस कारण आज तक हजारों जरूरतमंद प्रधानमंत्री आवास योजना से वांछित है जिनका हक दिलाने के लिये पूरा भाजपा इस तरह का विरोध पूरे प्रदेश में कर रही है।

### एसडीएम दफ्तर का किया घेराव

पंडरिया में मोर आवास मोर अधिकार अभियान के तहत भाजपा के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम दफ्तर का घेराव किया। एसडीएम ऑफिस से पहले पुलिसकर्मियों ने प्रदर्शनकारियों को रोका। इस दौरान भजापा के लोगों ने जमकर की नारेबाजी की। साथ ही प्रदेश सरकार को जमकर को कोसा। साथ ही प्रदेश भर में 16 लाख प्रधानमंत्री आवास को रोककर गरीबों के छत छिनने का राज्य सरकार पर आरोप लगाया है।

### आवास योजना को लेकर प्रदर्शन कर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

भाजपा ने नवागढ़ ब्लाक के राछा भांठा में राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। वहीं भाजपा कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान तहसीलदार को ज्ञापन भी सौंपा।

नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने राज्य सरकार पर गरीबों का अधिकार पर अड़ंगा डालने का आरोप लगाया। साथ ही कहा कि केंद्र सरकार की मोर आवास मोर अधिकार योजना को राज्य सरकार का अंश दान नहीं दे रही है।

## आरडीए ने दी नए फ्लैट्स में संपूर्ण बकाया राशि के सरचार्ज में 50 प्रतिशत की छूट

**» 31 मार्च 2023 तक मिलेगी छूट पूर्व में जिन्होंने किया भुगतान उन पर लागू नहीं होगी छूट**

**» निर्माण कार्य में आएगी गति**




**रायपुर,28 फरवरी 2023 (ए) ।** रायपुर विकास प्राधिकरण ने अब कमल विहार, इन्द्रप्रस्थ रायपुरा और बोरियाखुर्द की फ्लैट्स योजना तथा स्वतंत्र मकान की बकाया राशि के संपूर्ण राशि के भुगतान पर सरचार्ज राशि में 50 प्रतिशत की छूट दी है। प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री सुभाष धुप्पड़ के निर्देश पर आवंटितियों को राहत देते हुए यह पहल की गई है। यह छूट 31 मार्च 2023 तक वर्तमान बकायादारों को ही मिलेगी। जिन्होंने पूर्व में भुगतान कर दिया है, उन पर यह छूट लागू नहीं होगी।

प्रधानमंत्री आवास योजना के रायपुर विकास प्राधिकरण अंतर्गत कमल विहार, इन्द्रप्रस्थ रायपुरा और बोरियाखुर्द में ईड्ब्लूएसए एलआईजी 1बीएचके, 2एबीएचके, 3बीएचके तथा स्वतंत्र मकानों का निर्माण किया जा रहा है। इसमें आवंटन के बाद यह देखा जा रहा है कि कई आवंटिती समय पर राशि जमा नहीं कर रहे हैं। इससे प्राधिकरण को निर्माण कार्य का भुगतान करने में काफी परेशानी हो रही है। साथ ही बैंको से लिए गए ऋष्ण का ब्याज भी देना पर पड़ रहा है। इस कारण समय पर बैंकों की राशि व निर्माण एजेंसियों का भुगतान समय पर हो सके।

वर्तमान में प्राधिकरण अंतर्गत फ्लैट्स व स्वतंत्र मकानों का बकाया लगभग 200 करोड़ रुपए है। इसमें लगभग 14 करोड़ रुपए का बकाया है। बकाया संपूर्ण राशि में 50 प्रतिशत की छूट देने से न केवल प्राधिकरण की आय बढ़ेगी बल्कि आवंटितियों को भी इसका लाभ होगा और प्राधिकरण को बकाया राशि मिलने से निर्माण कार्यों में गति आएगी।

## छत्तीसगढ़ बोर्ड परीक्षा की परीक्षाएं आज से

### 2 हजार 448 परीक्षा केंद्रों में से सुबह 9 बजे से होगी परीक्षा




**रायपुर, 28 फरवरी 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं-12वीं की बोर्ड परीक्षा बुधवार 1 मार्च से शुरू हो रही हैं। कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं 1 से 31 मार्च तक, वहीं 10वीं की परीक्षा 2 से 24 मार्च तक होंगी।

परीक्षा का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित है।

दसवीं की परीक्षा में 3 लाख 40 हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे, वहीं 12वीं की परीक्षा में 3 लाख 30 हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे।

## 6 मार्च को छत्तीसगढ़ का बजट

### सत्र आज से, चुनावी बजट में जनता को ढेर सारी उम्मीद

**रायपुर, 28 फरवरी 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र 1 मार्च से शुरू होगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 6 मार्च को बजट प्रस्तुत करेंगे। सत्र की शुरुआत राज्यपाल के अभिभाषण से होगी। आज विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने सत्र की जानकारी दी।

3 मार्च से सदन की नियमित कार्रवाई प्रारंभ होगी। 3 मार्च को सप्लीमेंट्री बजट प्रस्तुत किया जाएगा। दिन भर की चर्चा के बाद शाम को यह पारित किया जाएगा। 6 मार्च को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपनी सरकार का पांचवा और अंतिम बजट प्रस्तुत करेंगे। चुनावी वर्ष होने से बजट से लोगों को काफी उम्मीद है।




बजट सत्र 13 कार्य दिवस का होगा। अब तक का यह सबसे छोटा बजट सत्र होगा। बीच में होली के कारण 7 मार्च से लेकर 12 मार्च तक होली अवकाश रहेगा। रहेगी। 14 दिन के सत्र में एक दिन राज्यपाल के अभिभाषण के अलावा कुछ नहीं होगा। शेष 13 दिन में भी बजट के दिन सिर्फ प्रश्नकाल होगा। चुनावी साल होने से इस बार भारी हंगामा हो सकता है। बजट सत्र में विपक्ष सरकार को घेरने की कोशिश करेगा।

## मुख्यमंत्री ने डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की पुण्यतिथि पर उन्हें किया नमन

**रायपुर, 28 फरवरी 2023 (ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्वतंत्र भारत के पहले राष्ट्रपति और स्वाधीनता आंदोलन के अग्रणी नेता डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया है। श्री बघेल ने कहा कि राष्ट्रपति के पद पर रहते हुए राजेन्द्र प्रसाद जी ने स्वतंत्र और निष्पक्ष कार्यप्रणाली के कई मार्गदर्शी दृष्टांत दिए। उन्होंने गरीब और



दीनदुखियों की सेवा में अपना पूरा जीवन लगा दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय आदर्श और परम्पराओं से ओत-प्रोत राजेन्द्र बाबू का जीवन मूल्य सदा राष्ट्र को प्रेरणा देता रहेगा।

## हथियारों की आपूर्ति के अभाव में नक्सली देसी बीजीएल का कर रहे हैं इस्तेमाल

**सुकमा, 28 फरवरी 2023 (ए)।** जिले के घुर नक्सल प्रभावित अंदरूनी इलाकों में खुल रहे नये पुलिस कैंप से नक्सलियों का सप्लाई चेन प्रभावित होने से नक्सली संगठन कमजोर हो रहा है। बाहर से मिलने वाले हथियारों की आपूर्ति नक्सली संगठन को नहीं हो पाने से अब नक्सली स्वयं देसी ग्रेनेड बना रहे हैं, और मुठभेड़ के दौरान इसका उपयोग बड़ी तादाद में कर रहे हैं। नक्सलियों द्वारा देशी बीजीएल में फ्यूज, गैर इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, स्प्लिंटर्स, जंग लगे लोहे, अमोनियम नाइट्रेट और कॉर्डेक्स का इस्तेमाल कर रहे हैं। अब नक्सली देशी बीजीएल की मारक क्षमता में वृद्धि भी कर लिया है। बीजीएल की मारक क्षमता किलिंग जोन 15 मीटर और अफेक्टिंग जोन 30 मीटर तक है। जगरगुंडा मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने घटनास्थल से बड़ी मात्रा में जिंदा बीजीएल(बैरल ग्रेनेड लॉन्चर) बरामद होना इसे प्रमाणित करता है। पुलिसे मिली जानकारी के अनुसार शनिवार 25 फरवरी को जगरगुंडा



मुठभेड़ में नक्सलियों ने डेढ़ घंटे तक चली मुठभेड़ में 250 से ज्यादा बीजीएल दागे थे। फायरिंग के बाद बीजीएल के इस्तेमाल से सुरक्षाबलों को संभलने का मौका नहीं मिला। आमतौर पर एंबुश में फंसे जवानों को किसी तरह की मदद न मिले इसके लिए भी नक्सली बीजीएल का इस्तेमाल ज्यादा करते हैं। मौके पर फटने के बाद कान फोड़ू आवाज के साथ बीजीएल से निकलने वाले स्प्लिंटर्स और जंग लगे लोहे एक साथ कई सुरक्षाबलों को घायल करने में सफल होते हैं।

बस्तर में अब तक के हुए मुठभेड़ों में घटना स्थल से नक्सलियों द्वारा इस्तेमाल किये जाने वाला बीजीएल के तीन साइज सामने आये हैं। बीजीएल का वजन 500 ग्राम से डेढ़ किलो तक होता है। जगरगुंडा मुठभेड़ में सुरक्षाबलों पर हुए हमले में नक्सलियों ने कप के आकार वाले बीजीएल का भी इस्तेमाल किया है। उन्हें बिना किसी सुरक्षा पिन के भी देखा गया है। यह माना जा रहा है कि ये बीजीएल टाइमर आधारित है




प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)